CIN-NO-UT4999RJ2020PTC0679.
UN NO-200022186

Title Code-RAJHIN27921

# मरूधर विशेष

वर्षः 1 अंकः 18 | हिन्दी | प्रातः कालीन | जयपुर, सोमवार, 22 अगस्त, 2022 | पृष्ठ :4 | मूल्यः 2 रुपए

# कोलकाता एयरपोर्ट पर नहीं उतर पाए दो दर्जन विमान

## डेढ़ घंटे तक अटकी रही यात्रियों की सांस



**कोलकाता ■ एजेंसी**

कोलकाता एयरपोर्ट पर शुक्रवार को कुछ ऐसा हुआ कि लगभग डेढ़ घंटे तक विमान के यात्रियों की सांसें अटकी रहीं। क्रॉसविंड की वजह से शाम को 5 से साढ़े 6 बजे तक लैंड करने वाले दो दर्जन विमान हवा में ही चक्कर काटते रह गए। 11 कैप्टन ने विमानों को रनवे पर उतारने की कोशिश की, लेकिन फिर हवा को देखते हुए इंतजार करने का ही फैसला करना पड़ा, क्योंकि इस स्थिति में विमान के रनवे से अलग हो जाने का खतरा था।

एक रिपोर्ट के मुताबिक पायलट्स ने बताया कि मौसम विभाग ने तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया था, लेकिन यह किसी को नहीं पता था कि इस तरह क्रॉसविंड का सामना करना पड़ेगा। बाई तरफ से आने वाली हवाएं विमानों को रनवे के ऐंगल से 20 डिग्री तक भटकाने की ताकत रखती थीं। ऐसे में लैंडिंग बहुत ही खतरनाक थी। इसी वजह से ईंधन को देखते हुए हवा में ही रुकने का फैसला किया गया।

बता दें कि क्रॉसविंड कोई असामान्य घटना नहीं है। मार्च से मई तक आम तौर पर यह देखने को मिलता है, लेकिन 10 मिनट से लेकर आधे घंटे तक ही इसका असर रहता है। इस बार कम दबाव के क्षेत्र से यह क्रॉसविंड पैदा हुई थी। 90 मिनट तक इसका असर देखा गया। पहले से इसकी वॉर्निंग भी जारी की जाती है। इस बार किसी को यह अनुमान नहीं था कि 90 मिनट तक क्रॉसविंड की वजह से विमानों को मंडराना पड़ेगा। एक कैप्टन के मुताबिक, शुक्रवार को 1600 फीट की ऊंचाई पर हवा 93 किमी प्रतिघंटा और 900 फीट की ऊंचाई पर 83 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चल रही थी। ऐसे में विमान को लैंड कराना बहुत ही मुश्किल था।

### क्या होती है क्रॉसविंड

विमान के उड़ने की दिशा के लंबवत चलने वाली तेज हवाओं को क्रॉसविंड कहा जाता है। ये हवाएं विमान को लैंडिंग के समय रनवे से भटका सकती हैं, जिससे बड़ा हादसा होने का खतरा रहता है। उस दिन 11 विमानों ने 16 बार रनवे पर उतरने कोशिश की। ऐसे मौसम को देखते हुए लगभग दो दर्जन विमान हवा में ही मंडराते रहे। वहीं 9 को दूसरे एयरपोर्ट के लिए डाइवर्ट कर दिया गया।

# अब गांव में ही बन जाएंगे लोगों के पैन, आधार और राशन कार्ड

## *ग्राम सचिवालयों में मिलेंगी जनसेवा केंद्र की सभी सुविधाएं*



**वाराणसी, (एजेंसी)।** यदि आप गांव में रहते हैं तो पैन, आधार और राशन कार्ड बनवाने के लिए अब इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ये सब गांव में ही बन जाएंगे। ग्राम सचिवालयों में अब जनसेवा केंद्र भी चलेंगे। यहां आधार, पैन, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु व आय-जाति प्रमाणपत्र, वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग पेंशन, किसान सम्मान निधि के आवेदन और प्रमाणपत्र बनाने समेत 243 तरह की सेवाएं मिल सकेंगी।

सचिवालयों में तैनात पंचायत सहायक विलेज लेवल इंटरप्रेन्योर (वीएलई) की तर्ज पर काम करेंगे। जनपद की सभी 694 ग्राम पंचायतों में केंद्रीयकृत व्यवस्था होने से ग्रामीणों को दौड़ नहीं लगानी होगी। दो सर्विस प्रोवाइडरों को मिली जिम्मेदारी जिले के आठों ब्लॉकों में सीएससी स्थापना व संचालित करने के लिए दो डिस्ट्रिक्ट सर्विस प्रोवाइडरों (डीएसपी) को जिम्मेदारी दी गई है। इनमें वयम संस्था को विद्यापीठ, हरहुआ, सेवापुरी एवं पिंडरा और एसआरईआई संस्था को आराजी लाइन, चिरईगांव, चोलापुर व बड़ागांव विकास खंड से जुड़े गांवों की जिम्मेदारी दी गई है।

## एक्सप्रेस न्यूज

### मथुरा भगदड़ मामले की जांच के लिए कमेटी गठित

**लखनऊ, (एजेंसी)।** उप्र सरकार ने मथुरा स्थित वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में जन्माष्टमी पर मंगला आरती के दौरान शनिवार को तड़के श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ जुटने से भगदड़ मचने और दम घुटने की घटना की जांच के लिए एक समिति गठित की है। मुख्यमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सुलखान सिंह और अलीगढ़ के मंडलायुक्त गौरव दयाल की मौजूदगी वाली समिति को घटना के विभिन्न पहलुओं की जांच कर 15 दिन में अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपने को कहा गया है।

### तीन दिनी प्रदर्शनी संपन्न

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत संगम नगरी में विश्व फोटोग्राफी दिवस पर तीन दिवसीय छाया चित्र प्रदर्शनी छायाकार जितेन्द्र प्रकाश की ओर से लगाई गई। इस प्रदर्शनी के अंतिम दिन मुख्य अतिथि डॉ. राहुल दीक्षित ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की तस्वीरों को प्रमुखता से जगह दी गई है। साथ ही सेना द्वारा आयोजित कार्यक्रमों और संगम तट पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के छायाचित्र को प्रदर्शनी में जगह मिली है। विशिष्ट अतिथि के रूप में जया ब्यूटी पार्लर की ओनर जया मिश्रा ने कहा कि फैशन फोटोग्राफी से संबंधित चित्रों को बड़ी खूबी से प्रदर्शित किया है।

### श्रीलंका में डेंगू के करीब पचास हजार मामले

**कोलंबो, (एजेंसी)।** श्रीलंका में 2022 के पहले आठ महीनों में डेंगू के 50 हजार मामले सामने आए हैं। स्थानीय मीडिया ने बताया कि पिछले आठ महीनों में 49,941 लोग डेंगू का इलाज कराने अस्पतालों में भर्ती हुए थे। इनमें आधे मामले पश्चिमी प्रांत से सामने आए है जिसमें कोलंबो, गमपाहा और कालूतारा जिले शामिल हैं। कोलंबो नगर परिषद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी रुवान विजेमुनि ने कहा कि 12,754 मामले कोलंबो से 7496 गोमपाहा व 4,731 मामले कालूतारा से सामने आए हैं।

### आज का इतिहास

- 1320 : गाजी मलिक ने नसीरुद्दीन खुसरो को पराजित किया।
- 1707 : स्वीडन और प्रशिया ने सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किये।
- 1848 : अमेरिका ने न्यू मैक्सिको पर कब्जा किया।
- 1849 : ऑस्ट्रिया ने इटली के शहर वेनिस पर चालक रहित गुब्बारों से हवाई हमला किया।
- 1894 : दक्षिण अफ्रीका के नटाल में महात्मा गांधी ने नटाल इंडियन कांग्रेस का गठन किया।
- 1921 : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने विदेशी वस्त्रों की होली जलाई।
- 1924 : हिंदी के प्रसिद्ध लेखक और व्यंगकार हरिशंकर परसाई का जन्म।
- 1955 : प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता और राजनीतिज्ञ चिरंजीवी का जन्म।
- 1969 : अमेरिका में समुद्री तूफान में 255 लोगों की मौत।

## श्रीकांत त्यागी के समर्थन में चल रही महापंचायत में लगे पोस्टर

# हमारे गांव में भाजपा के नेताओं का प्रवेश बंद है

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** गालीबाज नेता श्रीकांत त्यागी के समर्थन में उत्तर प्रदेश के नोएडा में महापंचायत हुई। श्रीकांत त्यागी पर महिला के साथ बदसलूकी करने राज्य सरकार की स्टीकर लगी कारों का गलत इस्तेमाल करने का आरोप है। श्रीकांत त्यागी का एक वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें वो महिला के साथ बदसलूकी कर रहा था। इसके बाद उस पर केस दर्ज हुआ था और वो कुछ दिनों तक फरार भी रहा था। हालांकि, इसके बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। जेल में बंद इसी गालीबाज नेता के समर्थन में अब महापंचायत शुरू की गई है।

यह महापंचायत सुबह 10 बजे शुरू हुई। महापंचायत का आयोजन नोएडा के गेझा गांव में संयुक्त त्यागी स्वाभिमान मोर्चा ने गेझा महर्षि आश्रम रामलीला मैदान में किया। बताया जा रहा है कि इस महापंचायत में पश्चिमी उत्तर प्रदेश मसलन- गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, बागपत और हापुर से इस समुदाय से जुड़े सैकड़ों लोग वहां आए हैं। हमारे गांव में भाजपा नेताओं का प्रवेश बंद है। यहां लिखा पोस्टर भी गेझा गांव के एंट्री पर लगाया है। बता दें कि श्रीकांत त्यागी को 9 अगस्त को मेरठ से गिरफ्तार किया गया था। नोएडा के सेक्टर 93 बी के ग्रैंड ओमेक्स सोसायटी में रहने वाली महिला के साथ अभद्र व्यवहार करने और उनके साथ गाली-गलौज करने के मामले में श्रीकांत त्यागी चार दिनों तक फरार रहा था।

### नोएडा में बढ़ा दी गई है सुरक्षा व्यवस्था

त्यागी ने यह भी दावा किया था कि वो भाजपा का नेता है। हालांकि, पार्टी ने त्यागी से किसी भी प्रकार का लिंक होने से इंकार किया था। पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि इस महापंचायत को देखते हुए नोएडा में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। सैकड़ों पुलिसकर्मियों के अलावा रैपिड एक्शन फोर्स की वहां तैनाती की गई है।



### जेल से श्रीकांत त्यागी ने भेजा मैसेज

त्यागी समाज जहां महापंचायत कर रहा है वहां पुलिस, फायर विभाग व एलआईयू की टीमें नजर बनाए हुए हैं। ग्रैंड ओमैक्स सोसाइटी में भी सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए हैं। महिला पुलिसकर्मियों को भी पंचायत स्थल पर तैनात किया गया है। समाज की मांग है कि श्रीकांत पर लगे गैंगस्टर एक्ट को हटाया जाना चाहिए। जेल गए लोकेंद्र त्यागी ने महापंचायत में श्रीकांत त्यागी का संदेश सुनाया। लोकेंद्र ने कहा कि आपने गैंगस्टर से नेता बनते हुए तो बहुत देखे होंगे, लेकिन नेता से गैंगस्टर बनते देखना हो तो श्रीकांत त्यागी को देखिए।

### सांसद महेश शर्मा से नाराज है त्यागी समाज

इसके अलावा गौतम बुद्ध नगर के सांसद और भाजपा नेता महेश शर्मा के कार्यालयों और अस्पतालों की भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। माना जा रहा है कि श्रीकांत त्यागी को लेकर हाल में जो कुछ भी हुआ उसमें सांसद महेश शर्मा के रोल को लेकर त्यागी समाज नाखुश है। यह भी कहा जा रहा है कि त्यागी समाज ने आरोप लगाया है कि महेश शर्मा ने उनके समाज को लेकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल भी किया है। बहरहाल बता दें कि इस महापंचायत को देखते हुए नोएडा के कई रास्तों को डायवर्ट किया गया है। कार, मोटरसाइकिल तथा ट्रैक्टरों के संचालन को लेकर यह रूट डायवर्ट किया गया है।

## गणेशोत्सव की तैयारी



देशभर में गणेशोत्सव के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। खासकर कलाकारों की, जो भगवान की प्रतिमा तैयार करते हैं। आगरा में रविवार को गणेश उत्सव लिए पर्यावरण के अनुकूल मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं को अंतिम रूप देते कलाकार।

# पाक में इमरान खान के भाषणों के सीधे प्रसारण पर रोक

**पूर्व पीएम ने एक दिन पहले अफसरों को दी थी धमकी**



**इस्लामाबाद, (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के भाषणों के सीधे प्रसारण पर रोक लगा दी गई है। यह रोक उस समय लगाई गई है, जब कुछ घंटे पहले खान ने इस्लामाबाद में एक रैली को संबोधित करते हुए सरकारी प्रतिष्ठानों और सरकारी अधिकारियों को धमकी दी थी। इस्लामाबाद में रैली कर रहे भाषणों पर रोक तत्काल प्रभाव से अमल में आ गई है।

इमरान खान ने शनिवार को इस्लामाबाद में एक जनसभा में शीर्ष पुलिस अधिकारियों, एक महिला मजिस्ट्रेट, पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग और राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराने की धमकी दी थी। उन्होंने अपने सहयोगी शहबाज गिल के साथ हुए बर्ताव को लेकर यह धमकी दी, जिन्हें राजद्रोह के आरोपों में पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया गया था।

पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया नियामक प्राधिकरण (पेमरा) ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि टेलीविजन चैनल बार-बार चेतावनी देने के बावजूद सरकारी प्रतिष्ठानों के खिलाफ सामग्री के प्रसारण को रोकने में नाकाम रहे हैं।

**सार्वजनिक शांति भंग होने की आशंका का दिया हवालाः** इसमें कहा गया है कि ऐसा देखा गया है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान अपने भाषणों/वक्तव्यों में सरकारी प्रतिष्ठानों पर लगातार निराधार आरोप लगा रहे हैं और उकसावे वाले बयानों के जरिए घृणास्पद भाषणों का प्रचार कर रहे हैं, जिससे कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने में मुश्किल हो सकती है और इससे सार्वजनिक शांति भंग होने की आशंका है।

# सीएएटीएसए पर भारत के लिए झुका अमेरिका तो रूस खुश



**रूस ने कहा कहा-पता चली कमजोरी**

**मॉस्को, (एजेंसी)।** सीएएटीएसए से भारत को मिली छूट को लेकर रूस ने अमेरिका पर सवाल उठा दिए हैं। रूस का कहना है कि भारत के लिए किए गए इस फैसले ने अमेरिका की कमजोरी जाहिर कर दी है। खास बात है कि पश्चिम के कड़े प्रतिबंधों का सामना कर रहे रूस के हथियार निर्यात मामले में भुगतान खासे प्रभावित हो रहे हैं। रूस ने इन प्रतिबंधों पर भी सवालिया निशान लगाए हैं।

रूस के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि एस-400 खरीद के लिए भारत को प्रतिबंधों से राहत देना अमेरिका की कमजोरी को दिखाता है। अमेरिका में हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव ने उस संशोधन को मंजूरी दी थी, जिसमें भारत को काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शन्स एक्ट यानी सीएएटीएसए के तहत प्रतिबंधों से जुलाई में छूट दी गई थी। रूस के फेडरल सर्विस फॉर मिलिट्री-टेक्निकल कॉपरेशन (एफएसएमटीसी) के प्रमुख दिमित्री सुगाएव ने कहा कि भारत और रूस के बीच एस-400 की सप्लाई के लिए हुए कॉन्ट्रैक्ट को अमेरिका ने रूसी हथियारों के के खिलाफ लगे प्रतिबंधों का उल्लंघन बताया था। अमेरिकी पक्ष ने किस वजह से अपना फैसला बदला? मुझे नहीं पता, लेकिन संभावनाएं हैं कि इसकी वजह उनकी कमजोरी है। इसी सिस्टम को लेकर तुर्की पर प्रतिबंध लगाए गए थे। रूसी निर्यात की देखरेख करने वाले सुआगेव कहते हैं कि पश्चिमी प्रतिबंध अनुचित कारोबार के बराबर हैं।

## आप ने खेला राजपूत कार्ड, कहा

# महाराणा प्रताप के वंशज हैं सिसोदिया



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** शराब नीति में कथित घोटाले को लेकर सीबीआई जांच के दायरे में आए दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने अब जाति कार्ड खेल दिया है। पार्टी ने सिसोदिया के बहाने राजपूतों को साधने की तैयारी शुरू कर दी है। सिसोदिया को महाराणा प्रताप का वंशज बताते पार्टी गुजरात में राजपूतों को अपने पाले में लाने की कोशिश करती दिख रही है।

गुजरात के नेता और आप के राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव इसुदान गढ़वी ने इसको लेकर एक ट्वीट किया है, जिसे खुद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने भी रीट्वीट किया है। इससे पहले पार्टी के प्रवक्ता और सांसद संजय सिंह ने भी सिसोदिया को महाराणा प्रताप का वंशज कहकर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पर पलटवार किया था, जिन्होंने कहा था कि मनीष के नाम की स्पेलिंग अब मनी शा हो गई है। इसुदान ने ट्वीट किया कि महाराणा प्रताप के वंशज मनीष सिसोदिया जी को झूठे आरोप में भाजपा परेशान कर रही है, जिसके चलते गुजरात के राजपूत युवाओं में बहुत ही रोष जगा है। अगले कुछ दिनो में 5000 से अधिक राजपूत युवा आप में शामिल होंगे। केजरीवाल ने भी इस ट्वीट को साझा करते हुए लिखा कि मनीष जी पर रेड को लेकर देशभर में लोगों में बहुत रोष है। बड़ी संख्या में लोग आम आदमी पार्टी के साथ जुड़ रहे हैं।

**संजय सिंह ने क्या कहा?:** इससे पहले शनिवार को संजय सिंह ने कहा कि अनुराग ठाकुर कम से कम सिसोदिया वंश का इतिहास तो पढ़ लेते। मनीष सिसोदिया से लड़ाई लड़ो उनका नाम बदलने की हैसियत किसी में नहीं है। सिसोदिया महाराणा प्रताप के वंशज हैं आगे से सोच समझ कर बोलना।

### क्यों जाति कार्ड खेल रही आप?

भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से करीब एक दशक पहले उपजी पार्टी इस समय गुजरात और हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटी है। ऐसे मौके पर पार्टी के दूसरे सबसे बड़े नेता पर भ्रष्टाचार के लगे आरोपों के बीच आप आक्रामक तरीके से पलटवार कर रही है। पार्टी ने हमले को ही हथियार बना लेने की रणनीति के तहत सिसोदिया को एक तरफ कट्टर ईमानदार और दुनिया का सबसे अच्छा शिक्षा मंत्री बताकर बचाव कर रही है तो अब उनकी जाति के सहारे भी राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश की जा रही है।

# महाकुंभ एनवायरमेंट फ्रेंडली बनाने अफसरों ने की मंत्रणा



**महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत की जा रही विभाग वार तैयारियों की समीक्षा बैठक संपन्न**

**प्रयागराज (कुन्दन श्रीवास्तव)।** मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत एवं पुलिस उप महानिदेशक प्रेम प्रकाश की संयुक्त अध्यक्षता में महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत की जा रही विभाग वार तैयारियों की समीक्षा बैठक रविवार को कार्यालय स्थित गांधी सभागार में संपन्न हुई, जिसमें विशिष्ट अतिथि विजय किरण आनंद उपस्थित रहे। कुंभ 2019 में किए कार्यों का संक्षिप्त विवरण देते हुए सर्वप्रथम विजय किरण आनंद ने आगामी महाकुंभ के दृष्टिकोण से सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की तथा सभी विभागीय कार्य योजनाओं में उन बिंदुओं को शामिल करने के सुझाव दिए।

कुंभ 2019 के अनुभव के आधार पर उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट संबंधित भी कई सुझाव दिए, जिसमें एयरपोर्ट के विस्तार एवं वहां तक के पहुंच मार्ग का चौड़ीकरण, कई स्थानों में स्थाई स्नान घाटों के निर्माण, पुराने नैनी ब्रिज के आसपास की सड़कों का चौड़ीकरण, बक्शी बांध एवं प्रयाग स्टेशन के पास फ्लाईओवरों के निर्माण, ट्रैफिक कंजेशन को कम करने के दृष्टिगत बांगर धर्मशाला के पास की सड़क के चौड़ीकरण, फाफामऊ ब्रिज के दोनों तरफ एंक्रोचमेंट हटाते हुए सड़कों के चौड़ीकरण, शहर में कुछ अन्य होटलों के निर्माण तथा पार्किंग के लिए कुछ स्थानों को पहले से ही विकसित करने जैसे सुझाव शामिल रहे।

# फिर से नजरबंद हैं पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती!



**श्रीनगर, (एजेंसी)।** पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने रविवार को फिर से खुद को नजरबंद किए जाने का दावा किया है। उनका कहना है कि उन्हें इसलिए हाउस अरेस्ट किया गया, ताकि वह शोपियां में मारे गए कश्मीरी पंडित सुनील कुमार भट्ट से मिलने न जा सकें। मुफ्ती ने ट्विटर पर अपने घर की तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिनके दरवाजों पर ताले लगे हैं। वहीं घरों के बाहर सीआरपीएफ वाहन खड़े हैं।

जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र की कठोर नीतियों ने कश्मीरी पंडितों को निशाने पर ला दिया है। भारत सरकार की इसी नीति के चलते आज कश्मीरी पंडितों की दुर्दशा हो रही है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिन्होंने यहां से भागना मंजूर नहीं किया आज उन्हें चुन-चुनकर मारा जा रहा है। भट्ट के परिवार से मिलने की उनकी कोशिश भी यहां के प्रशासन ने सफल नहीं होने दी। उन्होंने कहा कि यह प्रशासन हमें तो सुरक्षा के नाम पर घरों में बंद कर दे रहा है।

**पुण्यतिथि** | स्व. कल्याण सिंह की प्रतिमा का अनावरण एवं कैंसर इंस्टीट्यूट के ऑपरेशन थिएटर ब्लॉक का लोकार्पण

# सिंह ने अपनी कार्यशैली से डाली सुशासन की पुख्ता नींव : योगी



**लखनऊ (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यहां पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजस्थान व हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल स्व. कल्याण सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा का अनावरण एवं कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट के ऑपरेशन थिएटर ब्लॉक का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्व. कल्याण सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किये हैं। 'प्रत्यक्षम् किम् प्रमाणम' का ध्येय वाक्य व्यक्ति की योग्यता का मानक उसकी कर्तव्यनिष्ठा को इंगित करता है। जब मानवता किसी संकट से गुजरती है, उस समय तत्परता से मानवता की रक्षा करना ही, योग्यता की कसौटी माना जाता है। इस सदी की सबसे बड़ी महामारी के दौरान उत्तर प्रदेश ने अपनी क्षमताओं को साबित किया और राज्य में बेहतरीन कोविड प्रबंधन का कार्य देखने को मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कल्याण सिंह के दिवंगत होने पर इस संस्थान का नामकरण उनके नाम पर किया। स्व. कल्याण सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर शासन एवं प्रदेशवासियों की ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी पहली प्रतिमा इस संस्थान में स्थापित हुई है। कल्याण सिंह की सरकार ऐसी सरकार थी, जिसने जो कहा वह कर दिखाया। उनका कार्यकाल बहुत सीमित समय का था, लेकिन उस सीमित समय के दौरान ही अपनी कार्यशैली से सुशासन की पुख्ता नींव डाली। वही पुख्ता नींव आज प्रदेश के समग्र विकास का आधार बन रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन और लोक कल्याण का मार्ग स्व. बाबू ने अपनी कार्य पद्धति से प्रशस्त किया था। कल्याण सिंह के नाम के अनुरूप यह कैंसर इंस्टीट्यूट उत्तर प्रदेश व देश के नागरिकों को कैंसर से मुक्त कर कल्याण के पथ पर अग्रसर करने का कार्य करेगा। इस कैंसर इंस्टीट्यूट की वर्तमान क्षमता 734 बेड है, जिसे बढ़ाकर 1200 बेड तक किया जा सकता है।

### महाकुंभ मेला-2025 को भव्य और दिव्य बनाने जल्द होगी बड़ी बैठक

**लखनऊ, (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बताया कि देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के लिए आस्था, सभ्यता एवं संस्कृति के सबसे बड़े केंद्र महाकुंभ मेला 2025 का आयोजन कुंभ मेला 2019 से भी ज्यादा दिव्य और भव्य होगा। महाकुंभ 2025 को अविस्मरणीय एवं अभूतपूर्व बनाने के लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जल्द ही युद्धस्तर पर तैयारी शुरू होने जा रही है। महाकुंभ 2025 के लिए देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में सनातन धर्म प्रेमियों को आमंत्रित किया जाएगा। मंत्री नंदी ने बताया कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में जल्द ही महाकुंभ मेला 2025 के भव्यता और दिव्यता के स्वरूप को निर्धारित करने के लिए प्रयागराज में एक बड़ी बैठक होगी। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से 5 कालिदास स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुलाकात करने के बाद यह बातें कहीं।

## लंपी स्किन डिजीज रोकथाम एवं नियन्त्रण हेतु संयुक्त निदेशक पशुपालन अलवर ने किया बहरोड़ क्षेत्र का दौरा , शुभेच्छा फाउंडेशन बहरोड़ ने तलवाड़ ग्राम में जन सहयोग से करवाया सोडियम हाइपो क्लोराइट स्प्रे

मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी

**बहरोड़।** 21/08/22 को पशु पालन विभाग अलवर संयुक्त निदेशक डॉ रमेश मीना द्वारा लंपी स्किन डिजीज नियन्त्रण एवं रोकथाम हेतु ग्राम दहमी, श्री राठ सार्वजनिक गो शाला दहमी, हमजापुर , तलवाड़ ग्राम का दौरा किया गया, गोशाला दहमी में प्रबंधक दिनेश कुमार से रोग प्रकोप नियन्त्रण एवं रोकथाम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई, प्रबंधक दिनेश ने बताया कि पशुपालन विभाग के निर्देश अनुसार गौशाला में किसी भी नए गौ वंश की एंट्री को पूर्ण रूप से निषेध कर दिया गया है, साथ ही बाड़ों में परजीवी नाशक पायरेथ्रोड का छिड़काव नियमित रूप से किया जा रहा है एवं पशुओं एवं बाड़ों में सोडियम हाइपो क्लोराइट का छिड़काव किया जा रहा है, संयुक्त निदेशक डॉ मीना ने गो शाला प्रवेश द्वारों पर छः फीट लंबी, चार फीट चौड़ी एवं दो इंच गहरी चूना पट्टी का अविलंब निर्माण करवाने के निर्देश दिए, साथ ही शासन सचिव आयुर्वेद एवँ पशु पालन द्वारा जारी आयुष पद्धति से सुझाये गये आयुर्वेदिक उपायों का भी प्रयोग अधिकृत पशुपालन विभाग कार्मिक के सुझाव पर जैसे की तुलसी के पत्र, दालचीनी, सोंठ पाउडर, काली मिर्च, गुड पान के पत्ते, ढेले वाला नमक, नीम के पत्र, लहसुन की कली, लॉन्ग, पान के पत्ते, छोटे प्याज, धनिए के पत्ते, जीरा, हल्दी पाउडर आदी के निर्धारित मात्रा में अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया ग्राम तलवाड़ में डेयरी पर संदिग्ध लंपि स्कीन रोग से ग्रसित गाय के मालिक से चर्चा कर पशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाले आयुष पद्धति के उपायों को अपनाने पर जोर दिया शुभेच्छा फाउंडेशन बहरोड़ द्वारा रोग प्रकोप से बचाव हेतु पूरे गांव में सोडियम हाइपो क्लोराइट का छिड़काव करवाया गया , शुभेच्छा फाउंडेशन सचिव अनुपमा शर्मा ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा लंपी स्किन रोग से बचाव हेतु कल कुड़ी आश्रम गौशाला में सोडियम हाइपो क्लोराइट का छिड़काव करवाया जाएगा इस दौरान वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय मंडोवरा, बी वी एच ओ बहरोड़ डॉ अजीत सिंह प्रभारी तलवाड़ डॉ अर्चना श्रृंगी, प्रभारी दुघेड़ा डॉ दिलेर सिंह, पशुधन सहायक मुनीम यादव, राजेश यादव आदी साथ रहे।



## वैभवश्री सहकारी साख समिति के चुनाव सम्पन्न,अध्यक्ष निर्मला राणावत एवं उपाध्यक्ष आशा व तृप्ति शर्मा निर्वाचित

कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट

**कुशलगढ़।** रतलाम दिनांक 21 अगस्त 2022वैभवश्री सहकारी साख समिति के पंच वर्षीय चुनाव राजस्व कॉलोनी में सम्पन्न हुए। निर्वाचन प्रक्रिया जिला पंजीयक विभाग के आर. के. जैन ने संपन्न करवाई।निर्वाचन में संचालक मंडल के 11 महिला सदस्यों का चुनाव हुआ। इनमें अध्यक्ष पद पर निर्मला राणावत व उपाध्यक्ष आशा व तृप्ति शर्मा को चुना गया। बैंक प्रतिनिधि संगीता व्यास, जिला प्रतिनिधी शशि पारासर, संचालक रजनी व्यास, रेखा पांचाल, रानी मरमट, चंदा राठौर, कमला सोलंकी, सुनंदा मालोदिया चुनीं गई। निवृत्तमान अध्यक्ष संगीता व्यास ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।




## राजकीय महाविद्यालय कठूमर में छात्रसंघ चुनाव का नामांकन होगा आज

**कठूमर। दिनेश लेखी।** राजकीय महाविद्यालय कठूमर में छात्रसंघ चुनाव 2022- 23 हेतु अंतिम मतदाता सूची नियत समय पर महाविद्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ.रामनाथ खोरवाल ने बताया कि इसी के साथ ही पदाधिकारियों एवं कक्षा प्रतिनिधियों के लिए नामांकन फॉर्म चुनाव कार्यालय से प्राप्त कर इसी कार्यालय में दिनांक 22 अगस्त 2022 प्रातः 10:00 बजे से अपराहन 3:00 बजे तक जमा किए जा सकेंगे। तत्पश्चात अपराहन 3:00 बजे से 5:00 बजे तक नामांकन फॉर्म की जांच की जाएगी तथा आपत्तियां प्राप्त की जाएगी।




## अंकित एक्यूप्रेशर सेंटर छीपो की बगीची, नाहरगढ़ थाना के पास, नाहरगढ़ रोड, आखरी चौराया, पुरानी बस्ती, चांदपोल बाजार, जयपुर

मरूधर विशेष/खेमचन्द गुप्ता

अंकित एक्यूप्रेशर सेंटर एवं जीवन फाउंडेशन के द्वारा आयोजित निशुल्क एक्यूप्रेशर उपचार शिविर एवं विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य संयोजक श्री राम किशन छीपा एवं श्री श्याम खंडेलवाल रहे।

जिसमें 208 लाभार्थियों के द्वारा एक्यूप्रेशर उपचार का लाभ उठाया गया एवं रक्तदान शिविर में 138 रक्त दाताओं के द्वारा 138 यूनिट रक्तदान किया गया । सभी रक्तदान वीरों को यातायात जागरूकता के नियम के तहत अपनी सुरक्षा के लिए एक - एक हेलमेट एवं रक्तदान सर्टिफिकेट भेंट किए गए ।



इस शिविर में एक्यूप्रेशर चिकित्सक श्री के के मदानी जी, श्री राजकुमार जी, श्री रतन लाल जी, श्रीमती अंजू जी, कुमारी भावना जी, श्री अंकित जी, श्री सतीश जी, कुमारी मानवी जी चिकित्सक उपस्थित रहे, तथा मुख्य अतिथि श्री मनीष जी पारीक, श्री सुरेंद्र जी पारीक, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन प्रदेश अध्यक्ष श्री कृष्ण गोपाल जी गुप्ता, श्री महावीर सिंह मरूधरा न्यूज़ 24 ग्रुप एवं श्री मनोज जी भार्गव उपस्थित रहे।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बस्सीआडा के सौंदर्यीकरण के अवसर पर विशाल रक्तदान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट



**कुशलगढ़।** बस्सीआडा चिकित्सालय जो है तो एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परन्तु निरन्तर स्वास्थ्य सेवाओ से लेकर सामाजिक सेवा कार्यो को लेकर सक्रिय है। अपनी स्वास्थ्य सेवाओं के कारण राष्टीय स्तर पर रेटिंग प्राप्त चिकित्सालय द्वारा लगातार तीसरी बार रक्तदान शिविर का आयोजन सपना फाउंडेशन के तत्वावधान में किया गया। न्यू गार्डन व आईसीयू के ओपनिंग पर शिविर आयोजित ज़िले के समाज सेवी व जनप्रतिनिधियों के कुशल नेतृत्व में सपना फाउंडेशन एवं बस्सीआडा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में बासठ रक्तवीरो द्वारा रक्तदान किया गया। एक तरफ़ जहाँ चिकित्सा सेवाये सुविधाओं के अभाव में झुझती नज़र आती है वही बस्सीआडा हॉस्पिटल में नवीन आईसीयू व गार्डन सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया। विभिन्न जगहों से आगे आये रक्तवीर रेड ड्रॉप इंटरनेशन से मुर्तजा रतलामी द्वारा अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में बांसवाड़ा से बस्सीआड़ा आकर उंचालिस वी बार रक्तदान किया गया, साथ ही निर्मला कलाल द्वारा अपने पुत्रों कल्पेश कलाल एवं अंकित कलाल के साथ दूसरी बार रक्तदान किया गया, संजय भोई बस्सीआड़ा द्वारा सातवी बार, कमलेश यादव द्वारा सातवी बार, फजल रहमान हनुमानगढ़ द्वारा सातवी बार, सतीश टेलर द्वारा पांचवी बार, राजेश यादव सवाका पारडा द्वारा पांचवी बार, दिलीप भोई द्वारा चौथी बार,प्रितेश बरोडीया द्वारा चौथी बार, हेमन्त सैन्य द्वारा दूसरी बार सूर्यवीर सिंह द्वारा दूसरी बार रक्तदान किया गया, साथ ही महेंद्र टेलर द्वारा अपनी धर्मप%ी गीता देवी के साथ पहली बार रक्तदान किया गया, साथ ही मातृशक्ति राजेश्वरी सुथार द्वारा पहली बार, बीएमडी मिल मोरड़ी से पांच रक्तवीरो द्वारा बांसवाड़ा से बस्सीआड़ा आकर रक्तदान किया गया।अतिथि व भामाशाह ने किया सहयोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बस्सीआड़ा में आयोजित रक्तदान शिविर की अध्यक्षता चिकित्सा अधिकारी डॉ जसवंत सिंह द्वारा एवं मुख्य अतिथि के रूप में रोटरी क्लब अध्यक्ष राहुल सर्राफ, विशिष्ट अतिथि प्रकाश बोहरा राजरतन पालोदा, सुरेश त्रिवेदी प्रधानाचार्य विद्यानिकेतन पालोदा, भूरीदेवी सरपंच साहिबा बस्सीआड़ा, देवीलाल भोई उपसरपंच, नीरज पाठक फाउंडर वृक्षम फाउंडेशन, डॉक्टर जयपाल सिंह, सरपंच दुकवाड़ा देवीलाल, उपसरपंच कनपुरा बसंत, पन्नालाल कलाल, वागजी भाई खराड़ी वार्डपंच, नारायण, प्यारेलाल आदि रहे। इस दौरान ब्लड़ बैंक टीम से डॉक्टर समीर खान, ब्लड बैंक इंचार्ज नरेंद्र बघेल, प्रदीप कटारा, अनिल भोई, राजेंद्र सिंह, मोहन त्रिवेदी उपस्थित रहे।

### इनका रहा विशेष सहयोग

रक्तदान शिविर में जीवप्रेमी संस्थान के संस्थापक प्रेम सेवक, मणिलाल पाटीदार, कविश कलाल, संजय चोबिसा, रणछोड़ भोई, पीएचएससी बस्सीआड़ा से प्रियंका जैन, भावेश बुनकर , राजमल तेली, धर्मेंद्र धीरावत का विशेष सहयोग रहा, एवं सपना फाउंडेशन परिवार के सभी साथी उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन सपना फाउंडेशन महासचिव चार्मी भट्ट, एवं आभार प्रदर्शन सपना फाउंडेशन के संस्थापक विश्वंभर मेघवाल सुखवाड़ा द्वारा किया गया। इस अवसर पर सपना फाउंडेशन कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## विधायक बैरवा ने क्रमोन्नत ईंटेडा सीएचसी का किया उद्घाटन

मरूधर विशेष

**कठूमर। दिनेश लेखी।** राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा में ईंटेंडा के पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत करने पर रविवार को ईंटेंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का विधायक बाबूलाल बैरवा ने फीता काटकर किया उद्घाटन।
सरपंच लीलावती चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम में विधायक बाबूलाल बैरवा एवं विशिष्ट अतिथि विधायक पुत्र अमिताभ बैरवा का क्षेत्रवासियों द्वारा माला साफा पहनाकर जोरदार स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच लीलावती चौधरी ने की।
इस मौके पर विधायक बाबूलाल बैरवा ने कहा कि हमने साढे तीन साल में सड़क,शिक्षा, एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में जनता से किया गया हर वादा पूरा किया है। व स्थानीय लोगों को अपने क्षेत्र में ही अब बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। व राज्य सरकार द्वारा चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना प्रारंभ की गई है। जिससे प्रदेश के नागरिकों को इलाज के साथ-साथ बीमा क्लेम भी दिया जा रहा है। ग्राम ईरनिया के रा.प्रा.वि.को उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत करने की घोषणा की। मंच संचालन पूर्व जिला पार्षद फूलसिंह ने किया।
इस अवसर पर चिकित्सा प्रभारी ममता मीणा, निजी सचिव वीरु बैरवा, नंदलाल चौधरी, जगराम वैध,अशोक सिंह, अरविंद अवस्थी, विश्राम मीणा, अमरचंद जैन, हरदयाल अवस्थी, पिंकू शर्मा, जोरमल जाटव, अजीत सैनी, विमला शर्मा, रमेश मीणा, संतोष कैरव, धारा सैनी, महेंद्र मीणा, प्रशांत जाटव, पुष्पेन्द्र चौधरी, रामचरण शर्मा, संजय गुर्जर, शिब्बोराम गुर्जर, चरण सेक्रेटरी, संतोष शर्मा, धर्मपाल यादव, गिल्या जाटव, मानसिंह मीणा, देवीसिंह, सचिन मीणा, पुष्पा चौधरी, सुकेश गुर्जर, मोहनलाल, पिंटू, रामफूल पटवारी, सरपंच हरबीर चौधरी, समय सिंह, सहित काफी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।




## विधायक राजवी ने किया दीपावली कार्निवल के पोस्टर का विमोचन

मरूधर विशेष/महावीर सिंह चौहान

विद्याधर नगर स्थित सेंट्रल स्पाइन बाजार के दीपावली कार्निवल 2022 का पोस्टर विमोचन विद्याधर विधानसभा विधायक नरपत सिंह राजवी के द्वारा किया गया । इस अवसर पर व्यापार परिषद के मुख्य संरक्षक महेंद्र गोयल संस्थापक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल अध्यक्ष मुकेश बीवाल कोषाध्यक्ष पूरणमल शर्मा उपाध्यक्ष राजेन्द्रमीणा( राजू ) कृष्ण कुमार गुप्ता, मुकेश जेठवानी, डॉ प्रवीण शर्मा, विजय वच्छानी, अमित कामदार सहीत अन्य व्यापारी उपस्थित रहे। अध्यक्ष मुकेश बीवाल ने बताया कि एक महीने चलने वाले इस दीपावली कार्निवल में शॉपिंग करने वाले ग्राहकों के लिए अनेको उपहार व्यापार परिषद की तरफ से दिए जाएंगे पूरे सेंट्रल स्पाइन को जगमग लाइटों से सजाया जाएगा।



## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हरमाड़ा जयपुर में आधार कार्ड व अन्य कार्य किए जाएंगे

मरूधर विशेष/विनोद शर्मा

श्री कृष्ण सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा आधार कार्ड कैंप का आयोजन दिए गए पते पर किया जाएगा इसमें नए आधार कार्ड निशुल्क बनाए जाएंगे और आधार कार्ड में संशोधन के लिए सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क लिया जाएगा और साथ ही ईमित्र संबंधित कार्य भी सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क पर किए जाएंगे ताकि पब्लिक को एक ही जगह पर सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद की मीटिंग का हुआ आयोजन



मरुधर विशेष/हवासिंह चौधरी

**मुंडावर।** उपखंड क्षेत्र के ततारपुर ग्राम में अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद की मीटिंग पंडित नरेश मिश्र की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि पंडित गोपीचंद शर्मा आनंद बाग वरिष्ठ अतिथि केशव कुमार शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष। रमेश चंद शर्मा एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट दिल्ली। ब्लॉक अध्यक्ष पप्पू राम शर्मा सोडावास भगवान परशुराम की फोटो पर पुष्प चढ़ाकर। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभा के दौरान अनेक मुद्दे पर विचार विमर्श किया गया। बोर्ड की कार्यकारिणी पर विचार विमर्श हुआ पंडित गोपी चंद शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज को आगे लाने के लिए निस्वार्थ से कार्य करना होगा और समाज को एकजुट करने के लिए सबको साथ लेकर चलना होगा। इस दौरान ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जसाई में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित,315 पीड़ित हुए लाभान्वित

मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी

**मुंडावर ।** उपखण्ड छेत्र मे ग्राम पंचायत जसाई गांव में रविवार को अजरका मार्ग पर स्थित सरपंच कार्यालय परिसर में महात्मा गांधी नेत्रालय ,सपना एनजीओ व स्थानीय सरपंच वीरू पंडित के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र रोग चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया।शिविर में स्थानीय ग्रामीणों के साथ क्षेत्र से आए नेत्र रोगियों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर का उद्घाटन कॉग्रेस वरिष्ठ नेता गोपीचंद तारा शर्मा , मोहनलाल शर्मा वरिष्ठ समाज सेवी जागूवास व सैनिक कल्याण बोर्ड के केजी कौशिक द्वारा किया गया । शिविर में 315 मरीजों को उपचार मिला एवम 282 मरीजों को निःशुल्क दवा उपलब्ध कराई गई व 155 नेत्र रोगियों को चश्मे निःशुल्क उपलब्ध कराए गए। 185 लोगों का शुगर टेस्ट, 255 लोगों का रक्त जांच किया गया।। 22लोगों को आंख के ऑपरेशन के लिए शिविर में ही चिन्हित कर महात्मा गांधी नेत्रालय भेजा । शिविर का आयोजन समाजसेविका आरती विरेन्द्र पंडित ने बताया कि क्षेत्र के गांवो में खेती व पशुपालन पर निर्भर किसान परिवारजनों की नेत्र से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए मुंडावर तहसील के अन्य गांवों में भी निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे। शिविर आयोजन के समय स्थानीय सरपंच वीरेन्द्र पंडित, यादवेंद्र उपाध्याय, रामकुमार पूर्व सरपंच,डॉ फूलसिंह चौधरी, राजेंद्र मास्टर,हरिसिंह चौधरी, डॉक्टर सुभराम चौधरी, नरेंद्र चौधरी ,राहुल, चौधरी, कपूर डांगी , सत्येंद्र चौधरी, सोनू सूखा, करण खैरिया, अंकित चौधरी, आलोक उपाध्याय, जसवीर चौधरी, बिल्लू चौधरी, ईश्वर पंच, रामनारायण पंच ,देवा पण्डित सहित युवा भगतसिंह सेना पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## सरकार लाए पुजारी प्रोटेक्शन बिल तब तक कलेक्टर एसपी को ऐसे विवादों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश जारी हो जिससे पुजारियों की हत्या रुके

मरूधर विशेष/खेमचन्द गुप्ता

सरकार की तरफ़ से केबिनेट मंत्री प्रताप सिंह पहुँचे सभा में डीजीपी की तरफ़ से अति. पुलिस अधीक्षक दबंगो से परेशान पुजारी गिर्राज शर्मा के आत्मदाह के बाद मृत्यु के बाद ब्राह्मण संगठन और सर्व समाज की तरफ़ से शहीद स्मारक पर शर्द्धांजलि सभा और सांकेतिक धरना रखा । जिसमें सैकड़ों लोग और प्रमुख संगठनों के लोग जुटे। सभा में ही सरकार की तरफ़ से केबीनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने पहुँच कर दिवंगत गिर्राज शर्मा को पुष्प अर्पित कर श्रधांजलि दी और ज्ञापन लिया साथ ही सभा को सम्बोधित कर पुजारी प्रोटेक्शन बिल लाने के लिए मुख्यमंत्री से बात करने का आश्वासन दिया। वही पुलिस महानिदेशक की तरफ़ से अति पुलिस आयुक्त रामसिंह ने ज्ञापन लिया ज्ञापन में माँग रखी है कि सरकार अगले विधानसभा सत्र में पुजारी प्रोटेक्शन बिल लाए और तब तक कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को दिशा निर्देश जारी करे कि मंदिर पुजारी और भूमफ़ियाओ के विवादित मामलों को एसएचओं या पुलिस उपअधीक्षक स्तर पर प्राथमिकता से निपटाया जाए जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावर्ती नही हो। सभा को परशुराम सेना प्रमुख अनिल चतुर्वेदी, विप्र महासभा प्रदेश अध्यक्ष सुनील उदेईया, संरक्षक नटवर लाल शर्मा, सुरेंद्र पाराशर, जन समस्या मंच के अध्यक्ष सूरज सोनी, महाराज बालमुकुंदाचार्य, महाराज राघवेंद्रचार्य, हिंदू समाज पार्टी के उपाध्यक्ष विजय कौशिक, विप्र सेना अध्यक्ष विद्याधर नगर विधानसभा अजीत कुमार शर्मा, महेश व्यास, मान बॉक्सर आदि ने सम्बोधित किया । सभी ने एक माह में तीसरी बार आत्मदाह की ऐसी घटनाओं पर रोष व्यक्त किया और सरकार से माँग की कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावर्ती नही हो । सरकार शीघ्र पुजारी प्रोटेक्शन बिल लाए नही तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा । सभा में सर्व समाज के लोग प्रमुख लोग जुटे और ऐसी घटनाओं पर रोष व्यक्त किया । सभा में युवा अध्यक्ष योगेन्द्र भारद्वाज, डॉक्टर सोमेंद्र सारस्वत, महिला अध्यक्ष हर्षिता शर्मा, सचिन आनंद शर्मा, दीपेश मिश्रा, राजेंद्र तिवाड़ी, जितेंद्र मिश्रा, तरुण मुद्गल, रविकान्त मिश्रा , मनीष मुद्गल , आकाश शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे ।




## स्वप्न



दिखा स्वप्न वह खौफनाक था
दर्दनाक थी बाते !
प्यासा मै पानी बिन तड़पा ,
गगरी खाली पड़ी थी घर में !
दूजे के घर दौड़ा मै ,
अपनी प्यास मिटाने !
थी आशाए टूटी मेरी ,
मिली ना थी पानी की बुदे !
मै दौड पड़ा कुए के पास ,
अपनी प्यास मिटाने !
दिखा न था पानी का दर्पण ,
जिस कुए के था मैं पास !
दिखी न थी कौवे की गगरी
दिखा न था बारिश का पानी ,
दिखी न थी नहरे और नाली ,
दिखा न था कीचड का पानी !
तड़प उठा था मै इस जग में '
जब नीद्रासन से नीद खुली !
दिखा स्वप्न वह खौफनाक था!
दर्दनाक थी बाते !

**आनंद विशेष शर्मा**
**नई दिल्ली**

## कला कॉलेज प्राचार्य सहित अन्य आरोपी प्रोफेसरों को गिरफ्तार करने की मांग

### अंबेडकर सर्किल पर किया आक्रोश प्रदर्शन।

मरूधर विशेष

**अलवर।दिनेश लेखी।** दलित शोषण मुक्ति मंच के प्रदेश सह संयोजक एवं कला कॉलेज राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष,महाविद्यालय अनुशासन समिति के संयोजक एवं राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ रुक्टा डेमोक्रेटिक के प्रदेश संयोजक डॉ.रमेश बैरवा को साजिशन छात्रसंघ मुख्य निर्वाचन अधिकारी नहीं बनने देने के लिए प्राचार्य कक्ष में कई दिनों तक प्राचार्य एवं अन्य प्रोफेसरों ने षड्यंत्र रचकर इन्हें बुरी तरह जलील, टॉर्चर किया। जिससे डॉ.रमेश बैरवा की तबियत बिगड़ गई। चुनाव कराने की जिम्मेदारी प्राचार्य ने बहुत पहले ही डॉ. रमेश बैरवा को दे दी थी। इन्होंने अपनी तैयारी भी कर ली थी। लेकिन बाद में डॉ.बैरवा को हटाने के लिए जातिगत एवं वैचारिक दुर्भावनावश गुटबंदी की। प्राचार्य ने अन्य संकाय सदस्यों से मिलकर षड्यंत्र रचा। कई दिनों तक डॉ. रमेश बैरवा को टॉर्चर किया। सीनियर होते हुए भी डॉ.रमेश बैरवा को वंचित कर पूरी बेशर्मी से जूनियर होते हुए भी आरएसएस एवं ABVP से जुड़े डॉ.जे सी नारायण को मुख्य निर्वाचन अधिकारी बना दिया। डॉ.रमेश बैरवा को घोर मानसिक पीड़ा पहुंचाई,ताकि इनका मनोबल टूट जाए। कॉलेज के दलित विरोधी प्राचार्य एवं शिक्षकों ने कॉलेज का माहौल बिगाड़ा हुआ है। पद का दुरुपयोग कर येन केन प्रकारेण अपना वर्चस्व बनाए रखना चाहते हैं। इस प्रकरण में भी ऐसा ही किया गया। इसीलिए प्राचार्य डॉ.लवलीना व्यास, डॉ.कर्मवीर सिंह,डॉ.जे सी नारायण,डॉ. खेमचंद शर्मा,डॉ.रेणु मित्तल,डॉ महेंद्र प्रताप बायला एवं अन्य के खिलाफ आईपीसी 504 एवं एससी एसटी एक्ट में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तुरंत मुकदमा दर्ज किया गया है।
डॉ.रमेश बैरवा ने बताया कि शायद उपहास करने और मनोबल तोड़ने के षडयंत्र के तहत ही पहले तो 1अगस्त को ही इन्हें चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी। लेकिन बाद में डॉ रमेश बैरवा की योग्यता और क्षमता पर प्रश्नचिन्ह सहित अन्य मिथ्या और आरोप लगाकर,बेआबरू कर साजिशन इनसे यह जिम्मेदारी छीन ली। इतना ही नहीं चुनाव समिति में ऋस्स्र एवं ABVP समर्थक प्रोफेसरों को ही चुनाव कराने की असली कमान दी गई है। बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक छात्र वाले कॉलेज की इस समिति से अल्पसंख्यक प्रोफेसर डॉ.जाकिर हुसैन को भी हटा दिया। बड़े शर्म और चिंता की बात तो यह है कि ह्रस्ढ्ढ के एक बड़े पदाधिकारी के नेतृत्व में प्राचार्य पर दवाब डाल कर अपने स्वजातीय ऋस्स्र के डॉ.कर्मवीरसिंह को मुख्य निर्वाचन अधिकारी बनाए जाने की मांग की गई।




## ताश पत्ती से जुआ खेलते हुए 6 व्यक्तियों को पुलिस थाना शास्त्री नगर जयपुर उत्तर ने किया गिरफ्तार

मरुधर विशेष
क्राइम रिपोर्ट
महावीर सिंह चौहान



शास्त्री नगर थाना पुलिस श्री परिस देशमुख पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस आयुक्त जयपुर उत्तर द्वितीय श्री धर्मेंद्र सागर के निर्देशन में महेंद्र गुप्ता सहायक पुलिस आयुक्त व्रत शास्त्री नगर जयपुर उत्तर के सुपर विजन में दिलीप सिंह शेखावत पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना शास्त्री नगर जयपुर उत्तर के के नेतृत्व में अमरावल हेड कॉन्स्टेबल, बलदेव हेड कॉन्स्टेबल, शब्बीर अली हेड कांस्टेबल, विनोद कुमार कांस्टेबल, राकेश कुमार कॉन्स्टेबल, हनुमान कॉन्स्टेबल, अनिल कुमार कांस्टेबल की टीम का गठन किया गया और उपरोक्त टीम द्वारा उच्चाधिकारियों के निर्देश अनुसार इलाका थाना से आज सूचना एकत्रित कर सुदामापुरी शास्त्री नगर जयपुर में ताश पत्ती से रुपए दांव पर लगाकर जुआ खेलते हुए 6 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया । जिसमें अनवारुल शेख, महीररूल,नूर आइन, अनिबुर अली,मिथुन अली, सुजन हुसैन को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7490 सट्टा रकम जप्त की गई । जिस पर मुकदमा नंबर 339/2022 धारा 13 आरपीजीओ में दर्ज किया गया प्रकरण में अनुसंधान जारी है



थानाधिकारी दिलीप सिंह शेखावत, शास्त्री नगर जयपुर

## संपादकीय

# मर्ज बढ़ाती कोताही

जुलाई की शुरुआत से दुधारू पशुओं को गिरफ्त में लेने वाले लंपी त्वचा रोग से निपटने में विभिन्न सरकारों ने जैसी हीला-हवाली की उसका नतीजा है कि पशुपालक किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। समय रहते इसके उपचार को गंभीरता से न लेने का ही परिणाम है कि देश के कई राज्यों के पशु इस रोग से मर रहे हैं। इतना ही नहीं, दुधाऊ पशुओं ने दूध देना कम कर दिया है। हालत यह है कि पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, गुजरात व जम्मू-कश्मीर में हजारों जानवर इस रोग की चपेट में हैं। रोग की चपेट में आने वाले पशुओं में गायें ज्यादा हैं। यदि अधिकारी राज्यों की सीमाओं पर सख्ती बरतते तो इस रोग का अंतर्राज्यीय स्तर पर प्रसार न होता। फिलहाल तो डेयरी उद्योग से जुड़े किसान बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। बताते हैं कि यह रोग जहां गायों की दूध देने की क्षमता में कमी लाता है, वहीं प्रजनन क्षमता पर भी प्रतिकूल असर डालता है। वहीं दूसरी ओर हजारों मृत पशुओं के शवों का निस्तारण भी बड़ी चुनौती है। शवों का निपटान वैज्ञानिक तरीके से नहीं हो पा रहा है। कई जगह जानवरों के शव खुले में पड़े रहते हैं। घोर कुप्रबंधन का आलम यह है कि पशुपालक मरे जानवरों के शवों को नदी-नहरों में फेंक जाते हैं। बताया जाता है कि अकेले पंजाब में ही चार हजार से अधिक पशु मर चुके हैं और 75 हजार इस रोग से पीड़ित हैं। निस्संदेह, इस बड़ी चुनौती से मुकाबले को बहुकोणीय नजरिये से युद्ध स्तर पर काम करने की जरूरत है। जहां तुरंत उपचार व रोग की रोकथाम के लिये अतिरिक्त धन की मंजूरी जरूरी है, वहीं पशु चिकित्सालयों में पर्याप्त चिकित्सकों व कर्मचारियों की उपलब्धता की तत्काल आवश्यकता है। साथ ही वैकल्पिक वैक्सीन किसानों की सहज पहुंच में होनी चाहिए। पशु पालकों को जागरूक करने तथा रोग के प्रसार को रोकने के वैज्ञानिक उपायों के बारे में बताना भी जरूरी है।

बहरहाल, इस संक्रामक रोग से हालात इतने बिगड़ गये हैं कि समाज में स्वास्थ्य व पर्यावरणीय संकट की चुनौती पैदा हो गई है। इस रोग के चलते चुनौतियों की एक श्रृंखला उत्पन्न हुई है। वहीं पशु चिकित्सकों की कमी से समस्या और विकट हो रही है। इस रोग से जुड़े अनुसंधान के बाद पता लगाया जाना चाहिए कि रोग की रोकथाम के लिये जो वैकल्पिक वैक्सीन दी जा रही है क्या वह स्वस्थ पशुओं को रोग से बचाने में कारगर है। दरअसल, विशेषज्ञों की सलाह के बावजूद अफवाहें फैलायी जा रही हैं कि रोग के चलते गाय का दूध पीना नुकसानदायक हो सकता है। इस बाबत समाज में प्रगतिशील सोच बनाये जाने की जरूरत भी है। साथ ही वैज्ञानिकों की आवाज को प्रभावी बनाने की भी आवश्यकता है। वहीं इस संक्रामक रोग ने पिछले एक दशक में जानवरों को दफनाने के लिये आरक्षित स्थानों को खुर्द-बुर्द करने के संकट को भी उजागर किया है। अवैध कब्जों के चलते इसमें लगातार संकुचन हुआ है। वहीं इस समस्या के विस्तार की एक वजह यह भी है कि चर्मकर्म से जुड़े लोगों का मृत पशुओं के निस्तारण में रुझान कम हुआ है। जिसकी एक वजह यह भी है कि चमड़े, हड्डियों व खुरों की बिक्री से होने वाला लाभ कम हो गया है। फलत- मृत जानवरों के शवों को उठाने के वार्षिक अनुबंध की प्रथा समाप्त होने के कगार पर है। दरअसल, इस समस्या के सभी कोणों पर विचार करना भी जरूरी है। साथ ही निवारक कदमों के साथ इस रोग से बचाव को लेकर जागरूकता फैलायी जानी चाहिए क्योंकि साल-दर-साल इस रोग का प्रसार बढ़ा है। हाल के वर्षों में लंपी स्किन डिजीज़ से रुग्णता पचास फीसदी तक बढ़ी है और मृत्यु दर भी एक से पांच फीसदी के भीतर है। ऐसे में इस रोग के खात्मे और पशुपालकों की जीविका बचाने के लिये दीर्घकालीन रणनीति पर काम करने की जरूरत है। यह रोग हर साल राज्यों की सीमाओं को पार करके कहर बरपा रहा है।

# अब तो सुन लो किसानों की

किसानों के सब्र का प्याला फिर छलक रहा है। उन्होंने फिर लखीमपुर में 75 घंटों की पंचायत लगाई है। वही लखीमपुर जहां पिछले साल पहले केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा ने तीन कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन कर रहे किसानों को 24 घंटे में सीधा कर देने की बात कही थी और 3 अक्टूबर को उनके बेटे आशीष ने मिश्रा के गांव जा रहे यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे का विरोध कर रहे किसानों पर तिकोनिया गांव के पास कथित रूप से जीप चढ़ा दी थी। यहां हुई हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोग मारे गए थे। इस मामले में मंत्री के बेटे आशीष मिश्रा को बतौर मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है। किसान तभी से अजय मिश्रा की केंद्रीय मंत्रिमंड़ल से बर्खास्तगी समेत विभिन्न मांगों पर अड़े हुए हैं। लगभग साल भर वक्त बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई न होते देख संयुक्त किसान मोर्चा की अगुवाई में किसान फिर यहां आ जुटे हैं। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के नेता राकेश टिकैत भी धरने में शामिल हुए हैं। संयुक्त किसान मोर्चा ने ही तीन कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली की सीमा पर हुए प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। इसके बाद सरकार को ये तीनों कानून वापस लेने पड़े थे। टिकैत ने कहा कि किसानों को न्याय दिलाने की लड़ाई जारी रहेगी। तिकोनिया कांड़ को लेकर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री की बर्खास्तगी के साथ-साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सुनिश्चित करने के लिए कानून की मांग भी किसानों का प्रमुख मुद्दा है। धरने में उत्तर प्रदेश के साथ-साथ उत्तराखंड़, पंजाब और हरियाणा के किसान भी बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। टिकैत के अनुसार मोदी सरकार बिजली संशोधन विधेयक के जरिए विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपने पर तुली है। भारतीय किसान यूनियन और संयुक्त किसान मोर्चा इसका पुरजोर विरोध करेंगे क्योंकि इस विधेयक के कानून बन जाने से कृषि क्षेत्र पर बुरा असर पड़ेगा। केंद्र सरकार को किसानों की मांगों पर गंभीरता से ध्यान देना होगा। दरअसल, किसान बिरादरी ही है जिसने दिल्ली की सीमाओं पर चले एक साल लंबे आंदोलन और कोरोना से अर्थव्यवस्था के बीमार होने के बावजूद देश को बड़ा सहारा दिया है। किसानों ने दिखा दिया है कि उन्हें जिद से दबाना संभव नहीं है।



## चिंतन-मनन

# नर या नारायण कौन थे 'राम'

श्रीराम पूर्णत- ईश्वर हैं। भगवान हैं। साथ ही पूर्ण मानव भी हैं। उनके लीला चरित्र में जहां एक ओर ईश्वरत्व का वैचित्रमय लीला विन्यास है, वहीं दूसरी ओर मानवता का प्रकाश भी है। विश्वव्यापिनी विशाल यशकीर्ति के साथ सम्यक निरभिमानिता है। वज्रवत न्याय कठोरता के साथ पुष्यवत प्रेमकोमलता है। अनंत कर्ममय जीवन के साथ संपूर्ण वैराग्य और उपरति है। समस्त निषमताओं के साथ नित्य सहज समता है। अनंत वीरता के साथ मनमोहक नित्य सौंदर्य है। इस प्रकार असंख्य परस्पर विरोधी गुणों और भावों का समन्वय है। भगवान श्री राम की लीला चरित्रों का श्रद्धा भक्ति के साथ चिंतन, अध्ययन व विचार करने पर साधारण नर नारी भी सर्वगुण समन्वित एवं सर्वगुण रहित अखिल विश्व व्यापी, सर्वातीत, सर्वमय श्रीराम को अपने निकटस्थ अनुभव कर सकते हैं। श्री राम में नर और नारायण तथा मानव और ईश्वर की दूरी मिटाकर भगवान के नित्य परिपूर्ण स्वरूप का परिचय मिलता है। भगवान पुरुषोत्तम ने श्री राम के रूप में प्रकट होकर मानवीय रूप में सांसारिक लोगों के दिलो दिमाग पर नित्य प्रभुत्व की प्रतिष्ठा कर समस्त भारतीय संस्कृति को आध्यात्म भाव से ओतप्रोत कर दिया है। रामचरितमानस महाकवि तुलसीदास की अमर कृति है। यह एक ऐसा सर्वोपयोगी आदर्श प्रदर्शित करने वाला पवित्र धर्मग्रंथ है। जिसने मर्यादा पुरुषोतम भगवान श्रीराम को समस्त नर नारियों के हृदय में परम देवत्व रूप के साथ अत्यंत आत्मीय रूप में प्रतिष्ठात किया है। इसने शिक्षित अशिक्षित? आबाल वृद्ध शास्त्र पुरुष सभी प्रकार के जीवन को श्रीराम के प्रति भक्ति तथा प्रेम के दिव्य, मधुर सुधारस से अभिषिक्त कर अपना अद्भुत प्रभाव विस्तार किया है।

श्रीरामचरितमानस के श्रीराम सर्वसद्गुण संपन्न मर्यादारक्षक परम आदर्श शिरोमणि होने के साथ ही स्वमहिमा में स्थित महामानव है। श्रीरामचरित मानस के श्रवण, मनन तथा चिंतन से अत्यंत विष्यासक्त, असदाचारी कठोर हृदय मानव भी पवित्र विचार परायण एवं सदाचारी होकर निर्मल प्रेम भक्ति की रसधारा में सराबोर होकर मुक्ति प्राप्त कर सकता है। इस ग्रंथ के सभी पात्र आदर्श चरित्र से परिपूर्ण हैं। इसमें गुरु शिष्य, माता पिता, भ्राता पुत्र स्वामी सेवक, प्रेम सेवा, क्षमा, वीरता, दान, त्याग, धर्मनीति आदि संपूर्ण आदर्शों के प्रत्यक्ष दर्शन होते हैं। यही कारण है कि इस ग्रंथ का सर्वत्र समादर है। तथा यह सर्वप्रिय ग्रंथ है। श्रीरामचरितमानस की चौपाइयों को अधिकांश मानव मंत्रवत कर जप परायण करते हैं। वाल्मीकि ने श्री रामायण की रचना करते समय श्रीराम कथा के रूप में मानवता की कथा कही है। उन्होंने श्रीराम के चरित्र के माध्यम से विश्व के मानवों को मानवता का संदेश दिया है। राम जैसा नर मानव है। राम के समान चरित से मानवता की प्राप्ति होती है। राम एक ऐसे सेतु हैं जहां एक छोर से शुरू होकर मनुष्य दूसरे छोर पर परमात्मा तक पहुंच जाता है।

# सही नहीं वक्त की बर्बादी

**लोकतंत्र के लिए जितना सवैधानिक प्रावधान महत्वपूर्ण हैं, उतना ही महत्व लोकाचार का भी है। यह पहली बार नहीं हुआ है कि संसद में हंगामा हुआ है। पहले भी हंगामें हेते रहे हां, लेकिन इसकी एक सीमा अवश्य तय होनी चाहिए। कार्यपालिका संसद के प्रति जवाबदेह रहे, यह संसद के सदस्यों को सुनिश्चित करना है। वहीं कार्यपालिका की जिम्मेदारी है कि वह संसद की मर्यादा को समझे**

नवल किशोर कुमार

भारतीय संसदीय प्रणाली पूरी दुनिया में एक नजीर है। यह प्रणाली यह तय करती है कि इस देश में नीति व कानून कैसे बनाए जाएंगे और जो कुछ तय होगा, उसकी जवाबदेही जितनी कार्यपालिका की होगी, उतनी ही विधायिका की भी।

यह सत्ता की शक्ति को संतुलित करने की प्रकिया भी है। इसलिए संसद का प्रावधान है और सत्तासीन पक्ष के लिए यह जरूरी है कि यदि वह कोई नया कानून इस देश में लागू करना चाहता है तो उसे संसद में उसे विचारार्थ रखना होगा। हमारे देश में तो लोक सभा और राज्य सभा के रूप में दो सदनों की व्यवस्था है। साथ ही, हमारे देश के संविधान निर्माताओं ने यह तय किया था कि जब तक दोनों सदनों में सहमति नहीं बन जाती है अथवा बहुमत प्राप्त नहीं हो जाता है, तब तक देश में कोई कानून नहीं बनेगा।

दरअसल, जब संसद का विचार हमारे संविधान के निर्माताओं के जेहन में आया होगा तब उन्होंने यह जरूर सोचा होगा कि कार्यपालिका को जवाबदेह कैसे बनाया जाए? इसके लिए भी उन्होंने संसद को तरजीह दी और संसद को यह अधिकार दिया कि वह सवाल खड़ा करे और सत्ता पक्ष के सवालों का जवाब दे, लेकिन मौजूदा दौर में चुनौती यह है कि संसद की महत्ता को कम किया जा रहा है। और यह केवल सत्ता पक्ष यानी कार्यपालिका के द्वारा ही नहीं, बल्कि विपक्ष के द्वारा भी किया जा रहा है। यह बेहद दुखद है। मसलन; हाल ही में 8 अगस्त, 2022 को संसद के मानसून सत्र को पूर्व निर्धारित सीमा से चार दिन पहले ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया, जबकि पहले इस सत्र को 12 अगस्त, 2022 तक चलना था।

सत्ता पक्ष की ओर से इस बारे में कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है। हालांकि सत्ता पक्ष इस बात के लिए विपक्ष पर हमलवार जरूर रहा कि उसने संसद की कार्यवाही में सहयोग नहीं किया और हंगामा किया। इससे पहले कि हम संसद के मानूसन सत्र में जो कुछ हुआ, उस पर विचार करें, पहले हम यह देखें कि इस सत्र के दौरान क्या हुआ। मानसून सत्र 12 अगस्त तक चलना था, लेकिन सरकार की सलाह पर इसे चार दिन पहले ही स्थगित कर दिया गया। राज्य सभा इस दौरान कुल 36 घंटे कार्यवाही चली, जबकि लोक सभा की कार्यवाही कुल 44.29 घंटे रही। लोक सभा में कुल 16 बैठकें हुई और उत्पादकता के हिसाब से कहें तो उपलब्धि मात्र 48 फीसद रही। लोक सभा की तरह राज्य सभा में भी कार्यवाही विपक्ष के हंगामे के कारण 47 घंटे कामकाज बाधित रही। राज्य सभा के निवर्तमान सभापति वेंकैया नायडू जो इस पद पर अपने आखिरी सदन का संचालन कर रहे थे, ने अफसोस



व्यक्त किया कि विपक्ष ने कार्यपालिका को जवाबदेह बनाने का अवसर गंवा दिया। दरअसल मानसून सत्र के महंगाई एक बड़ा मसला उभरकर सामने आया। विपक्ष इस सवाल पर सरकार से विस्तृत जवाब की मांग कर रहा था, जबकि सत्ता पक्ष की रणनीति इस मुद्दे को टालने की रही। नतीजतन सत्र शुरू से लेकर अंत तक हंगामे का शिकार हुआ।

इस दौरान 23 विपक्षी सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई, जिसके कारण भी सदन की कार्यवाही बाधित हुई। संसद के मूल्यवान समय को कैसे जाया होने दिया गया, इसका अनुमान इसी मात्र से लगाया जा सकता हे कि मानसून सत्र के दौरान लोक सभा में सरकार केवल छह सरकारी विधेयक आए। इनमें राष्ट्रीय डोपिंग रोधी विधेयक-2022, वन्यजीव संरक्षण संशोधन विधेयक-2022, केंद्रीय विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक-2022 और ऊर्जा संरक्षण संशोधन विधेयक-2022 शामिल हैं। यह कहना भी अतिशयोक्ति नहीं कि कार्यपालिका ने भी मानसून सत्र के पहले अपना काम पूर्ण नहीं किया था। रही बात महंगाई के सवाल पर चर्चा की तो लोक सभा में इस मुद्दे पर छह घंटे 25 मिनट तक चर्चा हुई। फिर राज्य सभा में भी चर्चा हुई और कार्यपालिका की तरफ से केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जवाब दिया, लेकिन यह तब हुआ जब विपक्ष अपनी मांग पर अड़ा रहा। ऐसे में यह सवाल तो जरूर उठता है कि आखिर क्या वजह रही कि सत्ता पक्ष ने महंगाई के सवाल पर प्रारंभ में चर्चा नहीं होने दी। हालांकि प्रारंभ में सत्ता पक्ष ने केंद्रीय वित्त मंत्री की अस्वस्थता की जानकारी अवश्य दी थी, लेकिन कार्यपालिका के पास और भी विकल्प अवश्य थे।

मुमकिन था कि कार्यपालिका प्रमुख होने के नाते सीधे प्रधानमंत्री इस चर्चा में भाग ले सकते थे या फिर किसी प्रभारी मंत्री को यह जिम्मेदारी दी जा सकती थी। विपक्ष को भी इस बिंदु पर सकारात्मक तरीके से विचार करना चाहिए था। खैर, संसद के समय को किस तरह जाया होने दिया गया, इसका एक अनुमान इससे भी लगाया जा सकता है कि लोक सभा में कुल 16 दिन बैठकें हुई और इस दौरान शून्यकाल के दौरान केवल 98 मामले उठाए गए और इनमें भी करीब आधे पर सरकार की ओर से जवाब दिया गया। इसी प्रकार लोक सभा संचालन नियमावली के नियम 377 के तहत 318 तारांकित व अतारांकित प्रश्न उठाए गए। यदि लोक सभा के कुल सदस्यों की संख्या के लिहाज से देखें तो ये दोनों संख्या बहुत कम हैं। यह संसद के सदस्यों के लिए सवाल भी है कि क्या उनके पास सवाल ही नहीं थे? यह बात ध्यातव्य है कि ये प्रश्न आम जनता से जुड़े प्रश्न होते हैं।

दरअसल, यही संसद सदस्यों के होने की सार्थकता का पर्याय भी है और यही बात बात कार्यपालिका के लिए भी लागू होती है कि जनता के जो सवाल सीधे संसद में उठाए जाते हैं, उनके प्रति वह कितना गंभीर है। दरअसल, लोकतंत्र के लिए जितना संवैधानिक प्रावधान महत्वपूर्ण हैं, उतना ही महत्व लोकाचार का भी है। यह पहली बार नहीं हुआ है कि संसद में हंगामा हुआ है। पहले भी हंगामे होते रहे हैं, लेकिन इसकी एक सीमा अवश्य तय होनी चाहिए। कार्यपालिका संसद के प्रति जवाबदेह रहे, यह सुनिश्चित करना संसद के सदस्यों को है। वहीं कार्यपालिका की जिम्मेदारी है कि वह संसद की मर्यादा को समझे। संसद को केवल राजनीतिक बयानबाजी, आरोप-प्रत्यारोप का स्थान न बनाएं। इतनी शुचिता का ध्यान तो दोनों पक्षों को रखना होगा। दोनों पक्षों का यही प्रयास संसद की महत्ता को बरकरार रखेगा और देश हित में अहम फैसले सर्वसम्मति से लिये जाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

## विचार मंथन

# संकट में पाक

सिद्धार्थ शंकर

श्रीलंका की तरह पाकिस्तान भी गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। पाकिस्तान में महंगाई दर पिछले एक दशक के उच्चतम स्तर पर है। देश में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें और बिजली के भाव भी आसमान छू रहे हैं। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था बेहद नाजुक स्थिति में है। जनता का शासन-व्यवस्था के प्रति विश्वास घट रहा है। अर्थव्यवस्था उस स्थिति में पहुंच गई है जहां रिकवरी मुश्किल ही नहीं, असंभव लगती है। देश ने दिशा खो दी है। एक समग्र राष्ट्र के लिए दो चीजें अत्यावश्यक होती हैं-सुचारू रूप से चलने वाला आर्थिक तंत्र और राजनीतिक स्थिरता। ये दोनों पहलू एक-दूसरे के पूरक हैं। शासन-प्रशासन राजनीतिक ध्रुवीकरण का शिकार है। गलत प्राथमिकताओं पर एकाग्रता के कारण गवर्नेंस के लिए मूलभूत नीतियों की अवहेलना की प्रवृत्ति ने पाकिस्तान को भयावह संकट के सामने ला खड़ा किया है। राजनीतिक और आर्थिक विफलताओं के कारण देश अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों और बड़े देशों से कर्ज पर जीने के लिए मजबूर हो गया है। ये अब बार-बार इस्लामाबाद से कर्ज को चुकता करने के लिए कह रहे हैं। इनमें वे देश भी शामिल हैं, जिन्हें पाकिस्तान अपना मित्र कहता है। संक्षेप में, पाकिस्तानियों के लिए यह जानकारी हासिल करना बड़ी पहेली है कि कोई चीज किस हद तक उनकी अपनी है या सब गिरवी रखी हुई है। पाकिस्तान कर्ज में डूबा हुआ है। उसकी राहत का उपाय एक ही है, ज्यादा से ज्यादा कर्ज लेना। पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से एक अन्य समझौता करने पर धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। आईएमएफ ने दो अरब डॉलर की मंजूरी के



लिए कागजात तैयार कर लिए हैं, जिन पर पाकिस्तान को भरे हुए और निर्दिष्ट स्थानों पर दस्तखत करने हैं। आईएमएफ ने कर्ज के लिए कड़ी शर्तें रखी हैं। वह पाकिस्तान को सुस्पष्ट रूप से निर्देशित कर रहा है कि वह कर्ज में मिले एक-एक पैसे को कैसे खर्च करे। पाकिस्तान को अपना बजट आईएमएफ के अनुकूल बनाना होगा। यानी आईएमएफ के निर्देशानुसार करों को बढ़ाना, ईंधन कीमतों में वृद्धि करना और लगभग दैनिक आधार पर अपने फाइनेंस के मॉनिटरिंग की अनुमति देना आदि। यह स्थिति पाकिस्तान के लिए वित्तीय बंधक बनने के करीब ही है। अन्य आर्थिक मुद्दे भी हैं, जिन्हें संबोधित करने की जरूरत है। उसने चीन, सऊदी अरब और यूएई से जो भारी मात्रा में कर्ज लिया है, उसे चुकाने का कोई भी खाका तैयार नहीं है। इन देशों और आईएमएफ से लिए कर्ज को चुकाने की क्षमता पाकिस्तान की नहीं है। वह सतत राजनीतिक अस्थिरता और आतंकवाद से बुरी तरह घिरा हुआ है। साथ ही इन समस्याओं से प्रभावशाली तरीके से निपटने में अक्षम है। सरकार को पता ही नहीं है कि धीरे-धीरे बिगड़ते इस हालात का मुकाबला कैसे करना है। इस परिदृश्य को पिछले वर्ष अक्टूबर में चित्रित किया गया था और आज की स्थिति में एक यूएस डॉलर पाकिस्तानी दो सौ रुपए से ज्यादा का है, पेट्रोल प्रति लीटर ढाई सौ रुपए बिक रहा है और महंगाई उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के अनुसार 21.32 फीसदी हो गई, जो हाल के वर्ष में सबसे ज्यादा है। मुद्रास्फीति इतनी ऊंचाई पर है कि आम पाकिस्तानी दयनीयता और कष्टों के बोझ तले दबा है। परिवहन सेवाओं की दरों में उच्च स्तर पर वृद्धि से इनपुट लागत बढ़ी, मुद्रास्फीति का प्रतिशत अस्वीकार्य रूप से बढ़ गया। पाकिस्तानी मीडिया ने इन सब मुद्दों पर ध्यान खींचा है, पर देश में घोर असहायपन की भावना घर कर गई है। घरेलू स्तर पर, आम लोगों को आर्थिक बदहाली से बाहर निकालने के लिए अमीरों पर सुपर टैक्स लगाने के ऐलान से भी उनकी तकलीफों का अंत होता नजर नहीं आता। आर्थिक संकट हताशा को जन्म देता है और असहाय लोगों को खतरनाक और आततायी कृत्यों की ओर धकलेती है। वे अपराध करते हैं और अंतत- उनके कदम आतंकवाद की ओर बढ़ जाते हैं। पाकिस्तान की आर्थिक मदद करने वाले देश चाहते हैं कि वह अपने बलबूते पर संसाधनों का निर्माण करे। उन्हें अपने कर्ज के वापसी की चिंता है। उन्होंने पाकिस्तान को स्पष्ट कर दिया है कि वे कोई चैरिटी नहीं चला रहे हैं। उनकी चिन्ताएं भी, इस तथ्य के मद्देनजर कि, पाकिस्तान जिस तरह से खुद को बर्बाद कर रहा है, वाजिब हैं। वह अपने पड़ोसी देशों जैसे भारत, ईरान और अफगानिस्तान के साथ मधुर संबंध स्थापित करने में भी कमजोर नजर आता है।

# ठाकुर महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की

मरूधर विशेष/नरपतसिंह पंवार

ठाकुर महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में राष्ट्रीय प्रभारी जितेंद्र सिंह सिकरवार , राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश सिंह परमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद जादौन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गंगा सिंह राठौड़ ,राष्ट्रीय सचिव चंद्र सिंह राठौड़, राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिवाकर सिंह, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री नितिन सिंह राघव और राष्ट्रीय महामंत्री गिरवर सिंह राठौड़ राष्ट्रीय सचिव सुल्तान सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह की उच्च स्तरीय बैठक में राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी महावीर सिंह चौहान की सयुक्त बैठक में राजस्थान प्रदेश कार्य करने की घोषणा की गई जिसमें महावीर सिंह राठौड़ प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान व डॉक्टर प्रेम सिंह शेखावत प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष राजस्थान चुने गए प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान व प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष ने राजस्थान की कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें निम्न रूप से ठाकुर महासभा के पदाधिकारीयों के नाम घोषित किए गए जिसमे पाबू सिंह जोधा प्रभारी, बने सिंह प्रचारक ,वी पी सिंह भाटी उपाध्यक्ष ,बेन सिंह चौहान उपाध्यक्ष ,गजेंद्र सिंह राठौड़ उपाध्यक्ष, भूपेंद्र सिंह भाटी उपाध्यक्ष ,सर्वेश सिंह उपाध्यक्ष, वेद महादेव सिंह दातोली, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह देवड़ा उपाध्यक्ष, हमीर सिंह महामंत्री, मोहन सिंह भाटी महामंत्री, नारायण सिंह चौहान ,लक्ष्मण सिंह राठौड़, शिव सिंह ,जय सिंह, जुगराज सिंह नरूका, सज्जन सिंह राजावत ,भंवर सिंह राजावत मंत्री, जितेंद्र सिंह राठौड़ मीडिया प्रभारी, नवल किशोर सिंह राघव संगठन महामंत्री, भूपेंद्र सिंह , हरेंद्र सिंह, दलित सिंह महासचिव तेजपाल सिंह, गोपाल सिंह भाटी ,गणपत सिंह राठौर, समुद्र सिंह भाटी, ज्योति सिंह राठौड़, विक्रम सिंह राठौड़, सचिव रणवीर सिंह राठौर ,हनुमान सिंह तवर ,नरपत सिंह राठौड़, देव बंधू सिंह भाटी ,अर्जुन सिंह राजपूत, चैन सिंह देवड़ा, भंवर सिंह, कल्याण सिंह, राजेंद्र सिंह राठौड़, भरत सिंह शेखावत, नरेंद्र सिंह राठौर ,प्रतीक पाल सिंह सेंगर, रविंद्र सिंह, लक्ष्मण सिंह बडगूजर ,राजेंद्र सिंह, चैन सिंह देवड़ा, रणबीर सिंह सिंगर, गजेंद्र सिंह शेखावत ,सचिन कुमार सोलंकी ,धर्मेंद्र सिंह पवार , रामसिंह राठौड़, सुमेर सिंह, बलवीर सिंह गौड़ ,भूपेंद्र सिंह कच्छावा सचिव पद पर नियुक्त किए गए युवा प्रदेश अध्यक्ष स्वरूप सिंह गोहिल, प्रदेश अध्यक्ष वीरांगना रजनी शक्तावत प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष वीरांगना सुनीता कंवर , प्रदेश अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. हनुमंत देव सिंह को नियुक्त किया गया सभी पदाधिकारियों ने अपने कर्तव्य को निभाने का वचन देते हुए ठाकुर महासभा के लिए सदैव तत्पर रहने का प्रण लिया साथ ही राष्ट्रीय प्रभारी जितेंद्र सिंह सिकरवार ने व अन्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों ने सभी पदाधिकारियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं प्रेषित की ।




# अब दूरबीन से ले रहे बायपास सर्जरी के लिए हाथ या पैर से ग्राफ्ट

## मरीजों की क्वालिटी ऑफ लाइफ में इजाफा, सिर्फ की-होल सर्जरी से ले रहे वेन

मरूधर विशेष

**जयपुर।** बायपास सर्जरी के में इस्तेमाल किये जाने वाले ग्राफ्ट के लिए अब तक पैर पर पांच से छह इंच के चीरा लगाकर ऑपरेशन करने की जरूरत पड़ती थी। सर्जरी के बाद मरीज को रिकवर होने में काफी समय लगता था लेकिन अब नई तकनीक की मदद से सिर्फ की-होल सर्जरी की से ही ग्राफ्ट निकाला जा सकता है। शहर के शैल्बी हॉस्पिटल के चीफ कार्डियक सर्जन डॉ. ललित मलिक अत्याधुनिक तकनीक ईवीएच (एंडोस्कोपिक वेसल हार्वेस्टिंग) के इस्तेमाल से बायपास सर्जरी को मरीजों के लिए सुगम बना रहे हैं।

### की-होल सर्जरी से बन जाता है काम

डॉ. ललित मलिक ने बताया कि हमारे जितने भी मरीजों को बायपास सर्जरी की आवश्यकता पड़ रही है, उनके ग्राफ्ट के लिए हम ईवीएच तकनीक का ही इस्तेमाल कर रहे हैं। सभी हार्ट सर्जरी दूरबीन द्वारा की जा रही हैं और बायपास सर्जरी में दूरबीन से ही हाथ या पैर से ग्राफ्ट निकाला जा सकता है। इस नई तकनीक से मरीज के पूरे पैर में चीरा लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। सिर्फ जांघ की तरफ से एक छेद करके डिवाइस अंदर डाला जाता है और वेन को निकाल लिया जाता है। बायपास सर्जरी होने के बाद मरीज पांच से छह घंटे



बाद ही चल-फिर सकता है और कॉस्मेटिक के दृष्टिकोण से भी मरीज के पैर पर चीरे का निशान नहीं बनता। अब तक सामान्य सर्जरी में मरीज को बड़ा चीरा लगता था। कई बार इसमें इंफेक्शन भी हो जाता था और मरीज को बार-बार ड्रेसिंग के लिए हॉस्पिटल भी आना होता था। बायपास सर्जरी के बाद डॉक्टर भी मरीज को 10 से 15 दिन तक न चलने की सलाह देते थे। इस नई तकनीक से ये सभी परेशानियां दूर हो गईं।

### इन मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद

ऐसे मरीज जिन्हें पहले से डायबिटीज, मोटापे से ग्रस्त हों, पेरिफेरिल वस्कुलर डिजीज, एनिमिया या किसी तरह की स्किन से जुड़ी बीमारी हो उनके लिए सिर्फ की-होल प्रोसीजर से नस निकाल लेना बेहद फायदेमंद है। महिलाओं के लिए भी चीरे का बड़ा निशान नहीं होने से उनका आत्मविश्वास बना रहता है। स्मोकिंग करने वाले मरीजों के लिए भी यह तकनीक लाभदायक है। डॉ. ललित मलिक ने बताया कि अब दूरबीन से हार्ट सर्जरी होने लगी हैं जो मरीज की फास्ट रिकवरी में काफी मददगार हैं।

पापा आप हर पल मेरे साथ मेरे दिल में हैं

# राहुल ने पूर्व पीएम राजीव गांधी को किया याद

**नई दिल्ली ।**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कई अन्य कांग्रेस नेताओं ने 'वीर भूमि' जाकर पूर्व प्रधानमंत्री की समाधि पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इस मौके पर प्रियंका के पति रॉबर्ट वाद्रा भी मौजूद थे। राहुल ने अपने पिता को याद करते हुए ट्वीट किया, 'पापा, आप हर पल मेरे साथ, मेरे दिल में हैं। मैं हमेशा प्रयास करूंगा कि आपने देश के लिए जो सपना देखा, उसे पूरा कर सकूं।' उन्होंने आगे कहा, 'मेरे पिता श्री राजीव गांधी ने 21वीं सदी के भारत का रोडमैप देश के सामने रखा था। एक ऐसा भारत, जिसमें युवाओं की ताकत, गांवों की शक्ति, महिलाओं की क्षमता, नयी प्रौद्योगिकी के प्रयोग को अभिव्यक्ति मिले। वहीं, प्रियंका ने देश के विकास में अपने पिता के योगदान को याद किया। उन्होंने फेसबुक पर जारी पोस्ट में कहा, 'सूचना क्रांति, संचार क्रांति, पंचायती राज, 18 वर्ष में मतदान का अधिकार जैसे कदम इसी अभिव्यक्ति को मजबूती देने के कदम थे। पिताजी का सपना 21वीं सदी में भारत को सबसे ऊंचे पायदान पर पहुंचाने का था। उन्होंने उस सपने को लेकर दिन-रात काम किया और भारत को एक नयी दिशा दी।' प्रियंका ने कहा, 'हमारा रास्ता चुनौतियों से भरा जरूर है। लेकिन, आज राजीव गांधी जी की जयंती पर हम सबको भारत को सबसे ऊंचे पायदान पर ले जाने के सपने को पूरा करने के संकल्प को दोहराना होगा। राजीव गांधी का जन्म 20 अगस्त 1944 को हुआ था। उन्होंने प्रधानमंत्री के तौर पर 1984 से 1989 तक भारत का नेतृत्व किया। वर्ष 1991 में लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान एक



उग्रवादी हमले में उनकी हत्या कर दी गई थी।

## (नई दिल्ली) गृहमंत्री शाह ने एम्स पहुंचकर आईटीबीपी के घायल जवानों के स्वास्थ्य की ली जानकारी

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रॉमा सेंटर जाकर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के घायल जवानों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। ये जवान पिछले दिनों जम्मू कश्मीर में अमरनाथ यात्रा की ड्यूटी पूरी कर वापस लौटते समय सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। आईटीबीपी के गंभीर रूप से घायल जवानों- कांस्टेबल बलवंत सिंह, तेस्वांग दोरजे और बबलू कुमार को विशेष उपचार के लिए शुक्रवार को श्रीनगर से एयर एम्बुलेंस से राष्ट्रीय राजधानी के एम्स लाया गया था। आईटीबीपी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा गृह मंत्री को डॉक्टरों द्वारा जवानों की स्वास्थ्य स्थिति और आगामी दिनों में अपनाई जाने वाली चिकित्सा प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई। आईटीबीपी के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी उन्हें घायलों की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी दी। गृह मंत्री ने घायल कर्मियों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। शाह जवानों से बातचीत कर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की

## राजस्थान- जालोर में दलित छात्र की मौत मामले में कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह समेत 5 पर केस दर्ज

**जालोर ।** राजस्थान के जालोर जिले में दलित छात्र की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी टीचर को जेल भेज दिया है। वहीं इस मामले को लेकर राजनीति भी तेज है। इस बीच मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम व कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के समेत पांच लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है। आरोप है कि दिग्विजय सिंह ने आरोपी शिक्षक को आरएसएस से जोड़ा था। इसको लेकर आरएसएस से जुड़े जालोर निवासी मधुसूदन व्यास ने कोतवाली मे मामला दर्ज करवाया है। उधर, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ने दिग्विजय सिंह, उदितराज, संदीप सिंह, हंसराज मीणा व गौतम कश्यप के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में कहा है कि उक्त नेताओं ने स्कूल को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का बताया था और इन लोगों ने इस प्रकार का ट्वीट लिखकर हिन्दू समाज के एक वर्ग के लोगों को संघ के विरुद्ध भड़काने का काम किया है। बता दें कि गहलोत सरकार ने दलित छात्र की मौत मामले की परिवार की मांग पर एसआईटी जांच के आदेश दिए हैं। ये जांच देवाराम चौधरी की अध्यक्षता में की जाएगी। वहीं कांग्रेस नेता सचिन पायलट अपनी ही सरकार पर निशाना साधते नजर आए। उन्होंने कहा था कि फिर कोई घटना होगी तब हम एक्शन लेंगे? इस सिस्टम को बदलना होगा। आजादी को 75 साल पूरे हो गए हैं। जिस तरह से जातिगत भेदभाव हो रहा है और यह घटना हुई है, वो कहीं ना कहीं बड़े सवाल खड़े करती है। गौरतलब है कि जालोर में 9 साल के एक बच्चे ने जब स्कूल के मटके को पानी पीने के लिए छुआ, तो उसे स्कूल टीचर ने इतना पीटा कि उसकी कान की नस फट गई। बाद में जब उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया तो इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। वहीं स्कूल प्रशासन का दावा है कि किसी भी बच्चे को पानी पीने से नहीं रोका गया था, बल्कि एक झगड़ा हुआ था, जिसके बाद शिक्षक ने हाथ उठाया।

## विवादों के बीच तेजस्वी यादव ने खींची लक्ष्मण रेखा

**नई दिल्ली ।**

बिहार में नीतीश सरकार के नेतृत्व में महागठबंधन की नई सरकार बनने के बाद से ही आरजेडी कोटे के मंत्री विवादों में आ गए हैं। मंत्रियों की छवि सुधारने के लिए डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने लक्ष्मण रेखा खींच दी है। तेजस्वी ने आरजेडी के मंत्रियों से कहा कि कोई भी नई गाड़ी नहीं खरीदेंगे और साथ ही किसी भी कार्यकर्ता को अपने पैर नहीं छूने देंगे। साथ ही उन्हें ईमानदार रहने और शालीन व्यवहार करने की सलाह दी गई है। डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने शनिवार को अपनी पार्टी के मंत्रियों के लिए दिशानिर्देश जारी किए। इसमें कहा गया कि आरजेडी कोटे के मंत्री अपने लिए विभाग में नई गाड़ी नहीं खरीदेंगे। साथ ही उम्र में उनसे बड़े कार्यकर्ता, समर्थक या किसी भी शख्स को पांव नहीं छूने देंगे। लोगों से शिष्टाचार भेंट करते वक्त हाथ जोड़कर नमस्ते या आदाब की परंपरा को ही बढ़ावा देंगे। तेजस्वी ने कहा कि सभी मंत्री सौम्य और शालीन व्यवहार अपनाएं। सादगी से पेश आते हुए सभी जाति-धर्म के लोगों की मदद करें। किसी से भी भेंट के रूप में गुलदस्ता या फूल की बजाय किताब-कलम लेने के कल्चर को बढ़ावा दें। आरजेडी मंत्रियों के भ्रष्टाचार समेत अन्य आपराधिक मामलों से विवादों में आने के बाद डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने सभी को ईमानदारी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि सभी मंत्री अपने विभागीय कार्यों में ईमानदारी, पारदर्शिता, तत्परता और तुरंत एक्शन की कार्यशैली को बढ़ावा दें।

साथ ही अपने विभागों की योजनाओं और कार्यों का सोशल मीडिया पर लगातार प्रचार-प्रसार करें। नई सरकार के गठन के बाद से ही नीतीश कैबिनेट में आरजेडी कोटे के मंत्री विवादों में हैं। कानून मंत्री कार्तिकेय सिंह पर अपहरण केस में सरेंडर करने के बजाय राजभवन में जाकर शपथ लेने के आरोप लगे। विपक्ष ने कृषि मंत्री सुधाकर सिंह के चावल गबन के पुराने मामले को मुद्दा बनाया, तो वहीं शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर के एयरपोर्ट पर कारतूस ले जाने के पुराने मामले पर घेरा। हाल ही में सहकारिता मंत्री सुरेंद्र यादव का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वे लाइव प्रेस कॉन्फ्रेंस में गाली देते नजर आ रहे हैं।

## मतदाता सूची में नामांकन के लिए विशेष प्रावधानों में कोई बदलाव नहीं

### जम्मू-कश्मीर सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय ने बताया

**श्रीनगर ।**

जम्मू-कश्मीर की मतदाता सूची में गैर-स्थानीय मतदाताओं को शामिल करने पर विवाद के बीच प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कश्मीरी प्रवासियों के लिए उनके मूल निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में नामांकन के लिए विशेष प्रावधानों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। जम्मू-कश्मीर सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है, कि कश्मीरी प्रवासियों को उनके नामांकन के स्थान पर या पोस्टल बैलेट के माध्यम से या जम्मू, उधमपुर, दिल्ली आदि में विशेष रूप से स्थापित मतदान केंद्रों के माध्यम से मतदान का विकल्प मिलेगा। इसमें स्पष्ट किया गया है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की सरकार में संपत्ति की खरीद और नौकरियों के संबंध में नियमों में कोई बदलाव नहीं हुआ है इसका मतदाताओं के प्रतिनिधित्व या अन्यथा से कोई संबंध नहीं है। आदेश में कहा गया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण किया जाता है। आदेश में कहा गया है, यह व्यवस्था उन युवाओं को सक्षम बनाने के लिए है, जो खुद को मतदाता के रूप में पंजीकृत कराने के योग्य हैं। इसके अलावा,यह उस व्यक्ति को भी अनुमति देता है, जिसने अपने सामान्य निवास स्थान बदल दिया है और पुराने स्थान की मतदाता सूची से अपना नाम हटवाकर नए स्थान पर मतदाता के रूप में नामांकन कराना चाहता है। आदेश में कहा गया हैं कि 2011 में जम्मू-कश्मीर के विशेष सारांश संशोधन वोटर लिस्ट में प्रकाशित मतदाताओं की संख्या 66,00,921 थी और अब यह बढ़कर 76,02,397 हो गई है। यह वृद्धि मुख्य रूप से नए मतदाताओं के कारण है, जिन्होंने 18 वर्ष की आयु प्राप्त की है। प्रशासन ने उन मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया, जिसमें दावा किया था कि मतदाता सूची संशोधन की प्रक्रिया शुरू होने के बाद जम्मू-कश्मीर की मतदाता सूची में 25 लाख से अधिक नाम जोड़े जाएंगे। जम्मू-कश्मीर सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है, यह तथ्यों की गलत बयान है, जिसे निहित स्वार्थों के लिए फैलाया जा रहा है।

## सिसोदिया का दावा, 2024 का चुनाव पीएम मोदी बनाम केजरीवाल होगा, सरमा ने कहा इससे अच्छी बात क्या होगी

**नई दिल्ली ।**

सीबीआई द्वारा अपने आवास पर छापेमारी के अगले दिन, दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दावा किया कि 2024 का लोकसभा चुनाव अरविंद केजरीवाल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच की लड़ाई होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि आप सुप्रीमो को डराने के लिए केंद्र हर तरह के हथकंडे इस्तेमाल कर रहा है।सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में नई आबकारी नीति पूरी पारदर्शिता के साथ लागू की गई थी और इसमें कोई घोटाला नहीं हुआ है। सिसोदिया ने कहा, वे (बीजेपी) सीएम केजरीवाल को रोकना चाहते हैं, शिक्षा और स्वास्थ्य पर जिनके काम की दुनियाभर में चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा, मैं अपने परिवार को कोई असुविधा नहीं पहुंचाने के लिए सीबीआई अधिकारियों को धन्यवाद देना चाहता हूं। वे अच्छे अधिकारी हैं, लेकिन उन्हें छापेमारी करने का ऊपर से आदेश मिलता है।सिसोदिया ने दावा किया कि आप के नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है, खासकर पंजाब विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत के बाद, क्योंकि भाजपा की चिंता केजरीवाल हैं, जिन्होंने देश के लोगों का प्यार हासिल किया है और एक 'राष्ट्रीय विकल्प' के रूप में उभरे हैं। सिसोदिया द्वारा 2024 के लोकसभा चुनावों को केजरीवाल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच की जंग बताने पर, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने प्रतिक्रिया दी है। सरमा ने कहा, 'यह एक अच्छा खेल होगा। कई राज्यों में लोग केजरीवाल को जानते ही नहीं। पीएम मोदी पिछली बार 300 से अधिक सीटों के साथ सत्ता में आए थे, 2024 में 450 सीटों के साथ फिर आ जाएंगे। यदि आपने पीएम मोदी के खिलाफ किसी इसतरह के व्यक्ति को दावेदार बता रहे हैं, जिसका नाम भारत के कई हिस्सों में जाना भी नहीं जाता, तब भाजपा को खुशी ही होगी। दिल्ली के हेल्थकेयर माडल पर कटाक्ष कर सरमा ने कहा, सबसे पहले दिल्ली का मोहल्ला क्लीनिक देश में स्वास्थ्य सेवा का मॉडल नहीं हो सकता। अगर कोई मॉडल हो सकता है, तब लोगों को असम आना चाहिए और देखना चाहिए कि कैसे हर जिले में हम एक मेडिकल कॉलेज को बढ़ावा दे रहे हैं। अगर दिल्ली का मोहल्ला क्लीनिक भारत में स्वास्थ्य सेवा का मॉडल है, तब कोई भी भारत में नहीं आएगा और स्वास्थ्य सेवा को मॉडल के रूप में नहीं देखेगा।

## केजरीवाल को रोकने के लिए मेरे घर पर सीबीआई की रेड की गई : सिसोदिया

**नई दिल्ली ।**

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सीबीआई की छापेमारी के बाद नई आबकारी नीति को बेस्ट पॉलिसी करार दिया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पूरी ईमानदारी से नीति को लागू किया था। मगर एलजी ने इसमें दखल देकर बदलाव कर दिया। केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधकर उन्होंने कहा कि सीएम केजरीवाल को रोकने के लिए मेरे घर पर छापेमारी हुई। जो अच्छा काम करता है, उस पीएम मोदी रोकना चाहते हैं। इसी बीच उन्होंने दावा किया कि अगले दो-चार दिन में उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। सिसोदिया ने कहा कि अमेरिका के सबसे बड़े अखबार ने कल फ्रंट पेज पर दिल्ली के शिक्षा मॉडल को कवर किया था। यह भारत के लिए गर्व की बात है। करीब डेढ़ साल पहले उनकी तरफ से एक और स्टोरी छापी गई थी, जिसमें गंगा के पास हजारों शव दिखाए गए थे। मैं किसी भ्रष्टाचार में लिप्त नहीं हूं। मेरी एक ही गलती है कि मैं अरविंद केजरीवाल सरकार का शिक्षा मंत्री हूं। केजरीवाल को रोकने के लिए साजिश के तहत मेरे यहां सीबीआई रेड हुई है। केजरीवाल के पक्ष में देशभर में माहौल बन रहा है।

# सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के 'निजीकरण' पर श्वेत पत्र जारी करे केंद्र सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली ।**

कांग्रेस ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बुलेटिन में प्रकाशित शोधपत्र का हवाला देते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा गै। पार्टी ने कहा कि सरकार को एक श्वेत पत्र जारी कर बताना चाहिए कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण को लेकर उसकी मंशा क्या है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यह आरोप भी लगाया कि सरकार के दबाव के कारण आरबीआई को अपने उस शोधपत्र को खारिज करना पड़ा, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और उनकी दक्षता की तारीफ की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आरबीआई पर दबाव डाला कि वह इस मामले में स्पष्टीकरण दे। इसके बाद आरबीआई ने इस शोधपत्र को अपना मानने से इनकार कर दिया और कहा कि यह उसके नहीं, बल्कि लेखक के विचार हैं। यह पहली बार नहीं है, जब आरबीआई पर सरकार की मंशा मानने के लिए दबाव बनाया गया है। सुप्रिया ने कहा यह दुखद है कि कभी सार्वजनिक बैंकों की सराहना करने वाला आरबीआई अपने उस शोधपत्र को खारिज करने के लिए विवश हुआ है, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और उनकी दक्षता की तारीफ की गई है।

उन्होंने दावा किया सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की संख्या घटाकर 12 कर दी गई है। यह बड़ी चिंता का विषय है। सरकार की योजना और बैंकों के निजीकरण की है। सुप्रिया ने कहा एक भ्रम फैलाया जाता है कि बैंकों में सरकारी पैसा डालना पड़ता है।

सच्चाई यह है कि सरकार ने जो पैसा डाला है, उस पर बैंकों ने चार गुना लाभ लौटाया है। उन्होंने कहा हमारी मांग है कि सरकार श्वेत पत्र लेकर लाकर बताए कि बैंकों के निजीकरण को लेकर उसकी मंशा क्या है। सरकार यह भी बताए कि आरबीआई पर दबाव क्यों बनाया गया कि उसे अपनी ही रिपोर्ट को वापस लेना पड़ा?

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि उसके बुलेटिन में प्रकाशित शोधपत्र में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के धीरे-धीरे विलय के समर्थन की बात उसके विचार नहीं हैं, बल्कि यह लेखकों की अपनी सोच है। ज्ञात हो कि शोधपत्र आरबीआई बुलेटिन के अगस्त अंक में प्रकाशित किया गया है। इसमें कहा गया है सरकार के निजीकरण की ओर धीरे-धीरे बढ़ने से यह सुनिश्चित हो सकता है कि वित्तीय समावेश के सामाजिक उद्देश्य को पूरा करने में एक 'शून्य' की स्थिति नहीं बने। शोधपत्र में यह भी कहा गया है कि हाल ही में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बड़े स्तर पर विलय से क्षेत्र में मजबूती आई है और अधिक प्रतिस्पर्धी बैंक सामने आए हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### आईजीआई पुलिस ने सबसे बड़े वीजा रैकेट का किया भंडाफोड़, 4 लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली ।** सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय फर्जी पासपोर्ट और वीजा रैकेट चलाने वाले चार लोगों को आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आईजीआई एयरपोर्ट की डीसीपी तनु शर्मा ने बताया कि उनके पास से 325 फर्जी पासपोर्ट, 175 फर्जी वीजा और अन्य संबंधित चीजें बरामद की गई हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा, गिरोह का मास्टरमाइंड जाकिर यूसुफ शेख है। आईजीआई यूनिट को गिरोह के बारे में सूचना मिली थी, जिसके बाद इसका भंडाफोड़ किया गया। इसके पहले आईजीआई एयरपोर्ट थाने में पीपी एक्ट का मामला दर्ज हुआ था, जिसमें गुजरात के गांधीनगर निवासी यात्री रवि रमेशभाई चौधरी को फर्जी पासपोर्ट के आरोप में कुवैत से पकड़ा गया था। जांच के दौरान पाया गया कि फर्जी पासपोर्ट की व्यवस्था मुंबई के निवासी जाकिर यूसुफ शेख और मुश्ताक उर्फ जमील पिक्क रवाला नामक एजेंटों द्वारा की गई थी, जिन्हें रवि रमेशभाई चौधरी से गुजरात के नारायणभाई चौधरी नाम के एक स्थानीय एजेंट ने मिलवाया गया था। पुलिस ने जांच के दौरान शेख और पिक्क रवाला दोनों एजेंटों को उनके साथी इम्तियाज अली शेख उर्फ राजू भाई और संजय दत्ताराम चव्हाण को मुंबई से गिरफ्तार किया।325 भारतीय पासपोर्ट, 175 वीजा, 1200 से अधिक टिकट, 11 अंतरराष्ट्रीय ड्राइविंग परमिट, 75 पासपोर्ट जैकेट, 17 आधार कार्ड, 12 रंगीन प्रिंटर, जाली भारतीय पासपोर्ट बनाने के लिए डाई, दो लेमिनेशन मशीन, एक पेपर कटर मशीन, दो यूवी मशीन, फोटो पॉलीमर स्टाम्प बनाने की मशीन और अन्य आपत्तिजनक सबूत बरामद किए गए। फरार एजेंट नारायण भाई की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### मुंबई एयरपोर्ट पर महिला यात्री के पास से पांच करोड़ रुपये मूल्य का मादक कोकीन बरामद

**मुंबई ।** मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर इथियोपिया से यहां पहुंची एक महिला के पास से पांच करोड़ रुपये मूल्य की 500 ग्राम मादक कोकीन बरामद होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीमा शुल्क विभाग ने ट्वीट करके बताया कि महिला इथियोपियन एयरलाइंस की उड़ान से शुक्रवार को अदीस अबाबा से मुंबई पहुंची थी। विभाग ने कहा, सिएरा लियोनिएन नाम की महिला को मादक पदार्थ बरामद होने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। विभाग ने बताया कि मादक पदार्थ उसके पर्स में छिपाया गया था।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा हिमाचल के चुनावी दौरे पर, नडडा के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न

**नई दिल्ली ।** हिमाचल प्रदेश चुनाव में हर बार सरकार परिवर्तन के रिवाज को बदलने में जुटी भाजपा ने विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। हिमाचल भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का गृह राज्य भी है, इसकारण राज्य का विधानसभा चुनाव भाजपा आलाकमान की प्रतिष्ठा से भी जुड़ गया है। इसकारण नड्डा लगातार हिमाचल का दौरा कर पार्टी नेताओं से सरकार के कामकाज का फीडबैक लेने के साथ-साथ चुनावी रणनीति को लेकर निर्देश भी दिए हैं। इसके साथ ही नड्डा लगातार प्रदेश में चुनावी रैलियां कर मतदाताओं से सतत संवाद भी कर रहे हैं। नड्डा ने अपने हिमाचल के दो दिवसीय दौरे की जानकारी साझा कर ट्वीट कर बताया, आज से दो दिवसीय हिमाचल प्रवास पर हूं। हिमाचल का यह प्रवास मेरे लिए बहुत भावनात्मक है। इस दौरान मुझे नाहन जाने का अवसर मिलेगा, जहां मैंने युवाकाल में लंबे समय तक संगठन के लिए काम किया। हिमाचल विश्वविद्यालय के कार्यक्रम के दौरान पुराने साथियों से मिलने और उन क्षणों को जीने का अवसर मिलेगा। इस दौरान नड्डा पांवटा साहिब और नाहन में रैलियों को संबोधित करने के साथ ही हिमाचल प्रदेश के स्थापना दिवस से जुड़े कार्यक्रमों में भी शामिल होने वाले हैं। इस यात्रा के दौरान नड्डा हिमाचल विश्विद्यालय के पूर्व छात्रों के सम्मेलन को भी संबोधित करने वाले हैं।

### दही हांडी समारोह के दौरान 153 'गोविंदा घायल, ठाणे में 64 व्यक्ति घायल

**मुंबई ।** मुंबई में कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर दही हांडी समारोह के दौरान मानव 'पिरामिड' बनाते समय 153 'गोविंदा या प्रतिभागी घायल हुए, जबकि ठाणे शहर में 64 व्यक्ति घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि मुंबई में अधिकांश घायलों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है, जबकि 23 अन्य को अस्पतालों में भर्ती किया गया, जहां उनकी हालत स्थिर है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गृह क्षेत्र ठाणे शहर में 64 घायलों में से 12 का अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। लेकिन सभी खतरे से बाहर हैं। कोरोना के कारण स्थगित रहे कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव का हिस्सा दही हांडी कार्यक्रम दो साल के अंतराल के बाद राज्य भर में अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया। प्रतिभागियों की मंडली ने ऊपर लटके हुए छाछ और दही वाले मिट्टी के बर्तन ('हांडी') को तोड़ने के लिए मानव 'पिरामिड' का निर्माण करके एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा की। यह त्योहार विशेष रूप से मुंबई, ठाणे और आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर मनाया जाता है। दही हांडी आयोजनों और प्रतिभागियों की मंडलियों को इन क्षेत्रों में राजनीतिक संरक्षण मिलता है। बीएमसी अधिकारियों ने बताया कि मुंबई में 153 घायलों में से 40 लोगों का इलाज नगर निगम द्वारा संचालित केईएम अस्पताल में, 17 का राजावाड़ी अस्पताल में और 14 का कूपर अस्पताल में किया गया। नायर अस्पताल सहित निगम अस्पतालों ने 12 प्रतिभागियों का इलाज किया। सायन अस्पताल ने 10, ट्रॉमा केयर अस्पताल ने 6, भाभा अस्पताल ने 5, डॉ बाबासाहेब आंबेडकर अस्पताल ने 3 और शताब्दी अस्पताल ने 2 प्रतिभागियों का इलाज किया। कई घायल प्रतिभागियों का इलाज भी सरकारी अस्पतालों में भी किया गया। उन्होंने बताया कि तेरह प्रतिभागियों का इलाज सरकारी जीटी अस्पताल में, पांच का सेंट जॉर्ज अस्पताल में और तीन का जेजे अस्पताल में, जबकि कई अन्य का निजी अस्पतालों में इलाज किया गया।